(C) पुस्तकालय में पाठ्यपुस्तकों का सस्वर पठन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से हो सकता है।
(D) शिक्षार्थियों को बाल साहित्य की विविध प्रकार की विधाओं को देखने के मौके मिलने चाहिए।

**117.** कक्षा तीन की अध्यापिका अपनी कक्षा में पठन कोना सृजित करना चाहती है। बच्चों के लिए पुस्तकों का चयन करते समय निम्नलिखित में से किस प्रश्न को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानना चाहिए?
(A) क्या पुस्तकें कक्षा के अधिकांश विद्यार्थियों के स्वतंत्र पठन स्तर के अनुसार लिखी गई हैं?
(B) क्या पुस्तकें तीसरी कक्षा की पठन पाठ्यचर्या के लक्ष्य को संबोधित करने में मदद करेंगी?
(C) क्या ये पुस्तकें एक से अधिक निर्देशात्मक प्रसंग में प्रयोग के लिए उपयुक्त हैं?
(D) क्या इन पुस्तकों के लेखक जाने-माने हैं? बाल साहित्य के माननीय लेखक हैं?

**118.** एक अध्यापिका कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार की शिक्षण अधिगम सामग्री जुटाना चाह रही है। निम्नलिखित में से कौन-सा मानदंड टीएलएम के चयन के लिए सही **नहीं** है?
(A) चयनित सामग्री ऐसी हो जो बच्चों को जिज्ञासा के साथ खोजबीन और प्रयोग करने में पर्याप्त अवसर दे।
(B) चयनित सामग्री अधिमानतः स्थानीय रूप से निर्मित या स्थानीय रूप से उपलब्ध हो जिससे आसानी से बदला जा सके।
(C) चयनित सामग्री सिर्फ बच्चों द्वारा बनाई गई होनी चाहिए और फिसलन को बचाने के लिए कुछ खुरदरी होनी चाहिए।
(D) चयनित सामग्री इस आयु समूह के बच्चों के प्रयोग के लिए आकर्षक और सुरक्षित होनी चाहिए।

**119.** एक अध्यापक ने शिक्षार्थियों को अपने सहपाठियों से अपनी अभ्यास पुस्तिकाओं की अदला-बदली कर जाँचने के लिए कहा इस कार्य का उद्देश्य क्या है?
(A) नई शब्दावली के प्रयोग का अभ्यास करवाना।
(B) संरचनाओं का नियन्त्रित अभ्यास करवाना।
(C) सहपाठी के काम की जाँच के कौशल विकसित करना।
(D) विस्तृत पठन का अभ्यास करवाना।

**120.** राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा द्वारा रेखांकित दक्षताओं को प्राप्त करने में प्रत्येक बच्चे की प्रतिभागिता को समर्थन देने वाले समावेशी, स्वागतीय और आनंददायी परिवेश सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से कैसे सृजित किया जा सकता है?
(A) मुख्यतः शिक्षार्थी के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली पर ध्यान केंद्रित करके
(B) विकास के विभिन्न आयामों से बच्चों के कार्य का प्रदर्शन करके
(C) रंगीन आकर्षक परिवेश के लिए कक्षा-कक्ष की सजावट करके
(D) तपती हुई धूप में बाह्य गतिविधियों को न करके और आन्तरिक गतिविधियों का आयोजन करके

## Part-V

## English : Language-II

### Direction (Q. No. 121 to 128)

Read the passage given below and answer the questions that follow :

But the Lion went into the forest and found his own supper and no one ever knew what it was, for he didn't mention it. And the scarecrow found a tree full of nuts and filled Dorothy's basket with thiem, so that she would not be hungry for a long time. She thought this was very kind and thoughtful of the scarecrow, but she laughed heartily at the awkward way in which the poor creature picked up the nuts. His padded hands were so clumsy and the nuts so small that he dropped almost as many as he put in the basket. But the scarecrow did not mind how long it took him to fill the basket, for it enabled him to keep away from the fire, as he feared a spark might get into his straw and burn him up. So he kept a good distance away from the flames and only came near to cover Dorothy with dry leaves when she lay down to sleep. These kept her snug and warm and she slept soundly by until morning.

When it was daylight, the girl bathed her face in a little rippling brook and soon after they all started toward the Emerald city. This was to be a wonderful day for the travellers. They had hardly been walking an

hour when they saw before them a ditch that lay across the road and divided the forest as far as they could see on either side.

**121.** '.........she would not be hungry........'

The underlined word is a/an.......... .

(A) Adverb (B) Conjunction

(C) Interjection (D) Preposition

**122.** Study the following statements :

(a) Dorothy was obliged to the Scarecrow.

(b) The Scarecrow vanquished his hunger with nuts.

(c) He gathered so many nuts that no one would remain hungry.

(A) (b) and (c) are wrong but (a) is right

(B) (b) and (a) are wrong but (b) is right

(C) (a) and (b) are right but (c) is wrong

(D) (a) and (b) are wrong but (c) is right

**123.** Which one of the following staements is true ?

(A) He knows that the nuts are good for Dorothy.

(B) He shelled the nuts for Dorothy.

(C) Nuts mostly grow on bushes.

(D) Scarecrow is not caring.

**124.** Which one of the following statements is not true ?

(A) Lion could not eat the nuts gathered by the Scarecrow.

(B) He decided to hunt his prey.

(C) Dorothy felt amused at the way Scarecrow gathered the nuts.

(D) Scarecrow was afraid that the Lion might kill him.

**125.** They kept her snug.

The underlined word nearly means the same as :

(A) messy (B) cosy

(C) sordid (D) dizzy

**126.** Study the following statements :

(a) The Scarecrow gathered nuts as the tree was full of them.

(b) He feared for his life so he got busy in gathering nuts.

(A) (b) is right and (a) is wrong.

(B) Both (a) and (b) are right.

(C) Both (a) and (b) are wrong.

(D) (a) is right and (b) is wrong.

**127.** No one ever knew what it was.

The underlined is a/an..............clause.

(A) Noun (B) Adjective

(C) Adverb (D) Principal

**128.** Which of the following statements is/are true ?

(A) He helped Dorothy to keep warm at night.

(B) He kept the Lion away from Dorothy.

(C) Both (D) and (A)

(D) The Scarecrow was kind-hearted as he filled the basket with nuts.

**Direction (Q. No. 129 to 135)**

Read the passage given below and answer the questions that follow :

Usually the first question I ask a newbie birder is, "What do you think is the most important physical requisite to be a birder ? Your eyes, your ears, your nose or any other ?"

Most often, the answer is "eyes", but several do home into what is the most important faculty–atleast, according to me : your ears. Spotting birds in foliage is hard enough, but if you hear them, you know they are there.

But early the other morning. I realised it went much beyond that. The first bird call I heard as I left the house for my walk was the madcap ringing laugh of black-rumped flameback, earlier known as the golden-backed woodpecker. It was a wild, exultant laugh that set the tone and mood for the entire day. And then I realised that every bird call evokes a different reaction, memory or emotion in the listener.

Indian mynas, for example, invariably remind me of people in Delhi–always ready to argue and pick a fight, belligerent and in your face. Yet, they taught me not to make sweeping generalisations because when a pair perch on the window sill in the afternoons, they have meaningful civilised conversations with each other. There is inquiry, humour and affection in their voices.

**129.** 'The first bird call I heard as I left the house....'

The underlined is a/an .......... clause.

(A) Noun (B) Adjective

(C) Adverb (D) Principal

**130.** 'It was a wild exultant laugh........'

The underlined word is a/an ......... .

(A) Verb (B) Adverb

(C) Adjective (D) Noun

**131.** '.........belligerent in your face.'

The underlined word nearly means the same as :

(A) noisy (B) musical

(C) different (D) hostile

**132.** Study the following statements :

(a) The writer approves of the conduct of Delhi people.

(b) Indian mynas are generally known for their noisy quarrels.

(c) A myna couple can also be found enjoying themselves.

(A) (b) and (c) are right but (a) is wrong

(B) (a) and (c) are right but (b) is wrong

(C) (a) and (b) are wrong but (c) is right

(D) (a) and (b) are right but (c) is wrong

**133.** Why should a birder have sharp ears ?

(A) The birds greet each other with their morning calls.

(B) One can easily locate them from their chirping.

(C) Their shrill shrieking can tell one that they are in danger.

(D) One can easily distinguish their mating calls.

**134.** Study the following statements :

(a) Different chirpings of birds evoke different emotions in a birder.

(b) Sometimes birds make their nests hidden from public view.

(A) (b) is right and (a) is wrong

(B) Both (a) and (b) are right

(C) Both (a) and (b) are wrong

(D) (a) is right and (b) is wrong

**135.** Who is a birder ?

(A) One who watches the birds

(B) One who rears the birds

(C) One who hunts the birds

(D) One who catches the birds

**136.** Learners are memorising grammar rules and vocabulary and large amount of work is done in their mother tongue. Which method is being used by the teacher into his language class ?

(A) Natural approach

(B) Communicative teaching

(C) Grammar Translation

(D) Direct method

**137.** Children's cognitive development and language :

(A) is that an individual is born with a tool to master the language.

(B) development bear no relationship.

(C) is closely related to the culture and the community in which children live.

(D) is related to the principle of linking stimulus-response and a process of imitation.

**138.** Whole language approach is :

(A) Skill based

(B) Blends sounds

(C) Infers a sound-symbol relationship

(D) Meaning based

**139.** The students learn patterns of language by repeating model sentences that the teacher provides. They memorise set phrases and receive positive reinforcement from their teacher when they perform the drills correctly. The teacher is using the :

(A) Communicative approach

(B) Total physical response

(C) Structural approach

(D) Audio-lingual method

**140.** One of the best way to learn a second language is :

(A) by constant contact with native speakers in their own society.

(B) by repeating and practicing the dialogues as done in the audio-lingual method.

(C) by joining a speaking course for the target language.

(D) being in a classroom where you can focus on the grammar and receive help from a teacher.

**141.** "Language learning is an intensive process that begins at birth and continues throughout life." Do you agree or disagree with the above statement ?

(A) I disagree with this statement

(B) I partially agree with the statement

(C) I partially disagree with the statement

(D) I agree with this statement

**142.** If children hear two languages spoken around them, this exposure will :

(A) put the children at an advantage.

(B) not make any difference to the children.

(C) confuse the children, hindering understanding.

(D) put the children at a disadvantage.

**143.** A big challenge in learning to read is finding motivation and good children's literature. To overcome this challenge :

(A) Encourage parents to establish a small library at home.

(B) Provide easily accessible Children's literature to motivate and generate interest in reading.

(C) School authorities must take learners to book fairs to generate motivation and interset in reading books.

(D) Teachers should motivate them to read a book everyday as homework.

**144.** This reading has certain learning aims and tasks, learners are supposed to read the text in detail with concentration and due care, It is called :

(A) Intensive reading

(B) Guided reading

(C) Pleasure reading

(D) Extensive reading

**145.** A good speaking activity is the one during which :

(A) learners listens more

(B) learners talk more

(C) participation by outspoken students is the maximum

(D) teachers explain more

**146.** A teacher asked the students of class V to read the story quickly and then put the four pictures in order. The purpose of this activity is to :

(A) give them practice to reading for the gist.

(B) give them practice in reading for specific information.

(C) revise the new and difficult vocabulary of the story.

(D) arrange the picture cards.

**147.** Along with print books and audio books the books that engage the tactile abilities of young children should be a part of the classroom because :

(A) it gives autonomy to teachers to use different books for assessment.

(B) it makes books more accessible to diverse learners.

(C) these books will not overly burden a teacher.

(D) it brings variety to the class and children love variety.

**148.** At the beginning of the lesson, a teacher divided the class into groups and asked them to talk about an interesting newspaper article that they had just read. This type of speaking activity is for enhancing :

(A) Controlled oral practice

(B) Guided oral practice

(C) Active listening

(D) Oral fluency practice.

**149.** To assess reading skills at primary level a language teacher should most importantly focus on :

(A) use of punctuation mark.

(B) reading at a proper speed.

(C) reading with understanding.

(D) identifying the letters of alphabet.

**150.** Assessment tools and processes at the foundation stage should be designed in a way that :

(A) they become a natural extension of the child's learning experience.

(B) learner's progress is described and analysed with that of the overall class performance.

(C) a teacher may use common single method to assess the achievement of all the learners.

(D) explicit tests and examinations become appropriate for learners.

# भाग-V

## हिंदी : भाषा-II

**निर्देश (प्रश्न संख्या 121 से 128 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

इस बार मौसम विज्ञानियों ने घोषणा की हुई है कि अल नीनो प्रभाव के कारण मानसून कमजोर रह सकता है। चैत के महीने में बारिश होने के हालात पर घाघ ने भी यही कहा है। चैत यानी मार्च-अप्रैल के दिनों में अगर बारिश होती है तो सावन सूखा जा सकता है। बात सिर्फ इस बार के मानसून की नहीं है। अमेरिका में हाल ही में ताजे पानी के हालात पर हुए एक सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतेरेज ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें कहा गया है कि 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट भारत में आने वाला है। भारत पर संकट इसलिए है क्योंकि गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों का पानी धीरे-धीरे कम होता जाएगा। सिर्फ गंगा की बात करें तो 2500 किलोमीटर लंबी यह नदी उत्तराखंड में बंगाल के बीच कई राज्यों से गुजरती है। इसके किनारों पर बसे महानगरों, कस्बों और गाँवों की करीब चालीस करोड़ की आबादी की पानी से जुड़ी जरूरतों को यह पूरा करती है। इसके पानी का स्रोत गंगोत्री ग्लेशियर है। पर्यावरण विज्ञानियों का दावा है कि पिछले 87 साल में तीस किलोमीटर लंबे इस ग्लेशियर का पौने दो किलोमीटर हिस्सा पिघलकर गायब हो चुका है। अभी जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, वह पूरे हिमालय क्षेत्र के लिए खतरनाक माना जा रहा है। भारत के हिस्से वाले हिमालय में 9775 ग्लेशियर बताए जाते हैं। इनमें अकेले उत्तराखंड में 968 हैं। अब अगर इनके पिघलने की रफ्तार तेज होती जाती है तो क्या होगा?

**121.** गद्यांश में किस संकट की बात की गई है?

(A) रोज़गार संकट (B) जल संकट

(C) पर्यावरण संकट (D) खाद्य संकट

**122.** गंगा के किनारे बसे लोगों की आबादी लगभग है—

(A) 30 करोड़ (B) 40 करोड़
(C) 96 करोड़ (D) 87 करोड़

**123.** गद्यांश के अनुसार 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट आने वाला है—

(A) भारत में
(B) संयुक्त अरब अमीरात में
(C) पाकिस्तान में
(D) अमेरिका में

**124.** अल नीनो का प्रभाव पड़ता है—

(A) जल स्रोतों पर (B) मानसून पर
(C) मानव पर (D) जलवायु पर

**125.** 'इस ग्लेशियर का पौने दो किलोमीटर हिस्सा पिघलकर गायब हो चुका है।' वाक्य में रेखांकित पद है—

(A) परिमाणवाचक विशेषण
(B) गुणवाचक विशेषण
(C) सार्वनामिक विशेषण
(D) संख्यावाचक विशेषण

**126.** भारत की नदियों में जल कम होता जा रहा है। इसका कारण है—

(A) ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना
(B) ग्लेशियरों के क्षेत्रफल में कमी आना
(C) ग्लेशियरों के क्षेत्रफल में वृद्धि होना
(D) ग्लेशियरों का न पिघलना

**127.** नदियों का पानी धीरे-धीरे कम होता जाएगा। वाक्य में रेखांकित पद है—

(A) क्रिया (B) क्रिया विशेषण
(C) प्रविशेषण (D) विशेषण

**128.** 'पर्यावरण' में उपसर्ग और मूल शब्द हैं—

(A) परि + अवरण (B) परि + आवरण
(C) पर + आवरण (D) पर्या + आवरण

**निर्देश (प्रश्न संख्या 129 से 135 तक)**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

इस संसार में सब कुछ अस्थायी है। पाप और पुण्य दोनों इस संसार से संबंधित हैं, इसलिए पाप और पुण्य भी अस्थायी हैं। पुण्य सुख देकर और पाप दुख देकर अंत को प्राप्त होता है। लेकिन पाप और पुण्य में थोड़ा अंतर यह है कि पुण्य का फल यदि हम नहीं चाहते तो उस फल को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र हैं। पाप लोहे की जंजीर है तो पुण्य सोने की। बंधन दोनों में है। लोहे की जंजीर से छूटने का आदमी का मन भी करता है लेकिन सोने की जंजीर से जो बंधा हुआ हो उसको वह बंधन प्यारा लगने लगता है उसमें उसको धन नजर आता है उससे छूटने का मन नहीं करता।

**129.** 'स्वतंत्र' का विलोम है—

(A) परतंत्र (B) दासता
(C) परतंत्रता (D) गुलाम

**130.** पाप और पुण्य दोनों की तुलना क्रमशः.......... और..........की जंजीर से की गई है।

(A) लोहे, पीतल (B) लोहे, स्वर्ण
(C) पीतल, लोहे (D) स्वर्ण, लोहे

**131.** समूह से भिन्न शब्द है—

(A) स्वतंत्र (B) अस्थायी
(C) प्यारा (D) फल

**132.** पुण्य में उसके फल को—

(A) हम स्वीकार करने के लिए बाध्य हैं
(B) किसी दूसरे के लिए उपयोग में ला सकते हैं
(C) प्राप्त करना बहुत श्रमसाध्य है
(D) हम स्वीकार नहीं भी कर सकते

**133.** इस संसार में कुछ भी.............नहीं है।

(A) पूर्ण (B) स्थायी
(C) अस्थायी (D) अपूर्ण

**134.** पाप और पुण्य दोनों...............हैं।

(A) अस्थायी (B) स्वाभाविक
(C) हानिकारक (D) स्थायी

**135.** गद्यांश के अनुसार पाप और पुण्य—

(A) दोनों में फल की इच्छा रहती है।
(B) दोनों से मुक्ति अनिवार्य है।
(C) दोनों में बंधन हैं।
(D) दोनों में स्वतंत्रता है।

**136.** कोई भी व्यक्ति किसके द्वारा सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से द्वितीय भाषा सीख सकता है?

(A) अपने समाज में सहजात वाचकों (मूलभाषा बोलने वालों) के सतत सम्पर्क के माध्यम से।
(B) श्रव्य भाषिक विधि के अनुसार संवादों को दोहराना और अभ्यास करना।
(C) लक्ष्य भाषा के किसी वाचन पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर।
(D) ऐसी कक्षा जहाँ आप व्याकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हैं और अध्यापक से सहायता प्राप्त करते हैं।

**137.** "भाषा अधिगम एक गहन प्रक्रिया है जो जन्म के समय से शुरू होती है और जीवन पर्यन्त चलती है।" क्या आप इस कथन से सहमत या असहमत हैं?

(A) मैं इस कथन से असहमत हूँ।
(B) मैं इस कथन से आंशिक रूप से सहमत हूँ।
(C) मैं इस कथन से आंशिक रूप से असहमत हूँ।
(D) मैं इस कथन से सहमत हूँ।

**138.** यदि बच्चे अपने परिवेश में दो भाषाओं का बोलना सुनते हैं, दो भाषाओं को सुनने के अवसर—

(A) बच्चों को लाभ पहुँचाते हैं।
(B) कोई प्रभाव नहीं डालते हैं।
(C) समझ में भ्रमित करते हैं।
(D) बच्चों को नुकसान पहुँचाते हैं।

**139.** शिक्षार्थी व्याकरण के नियम और शब्द संपदा को कंठस्थ कर रहे हैं, अधिकांश कार्य मातृभाषा में हो रहा है। भाषा अध्यापक द्वारा अपनी कक्षा में किस विधि का प्रयोग करना चाहिए?

(A) प्राकृतिक उपागम
(B) सम्प्रेषणात्मक शिक्षण
(C) व्याकरण अनुवाद
(D) प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि

**140.** बच्चों का संज्ञानात्मक विकास और भाषा—

(A) मनुष्य का सहजात उपकरण है जिसके द्वारा वह भाषा में निपुणता प्राप्त करता है।
(B) विकास में कोई संबंध नहीं है।
(C) उस संस्कृति और समुदायों से घनिष्ठ रूप से संबंधित है जिनमें बच्चे रहते हैं।
(D) उद्दीपक प्रतिक्रिया संबंध के सिद्धान्त और अनुकरण की प्रक्रिया से संबंधित है।

**141.** समग्र भाषा उपागम क्या है?

(A) कौशल आधारित
(B) ध्वनियों का मिश्रण
(C) ध्वनि-संकेत संबंध में निष्कर्ष निकालना
(D) अर्थ आधारित

**142.** विद्यार्थी अध्यापक द्वारा दिये गये आदर्श वाक्यों को दोहराकर भाषा के प्रतिमान (पैटर्न) सीखते हैं। वे वाक्यों को कंठस्थ कर लेते हैं और सही तरीके से ड्रिल करने पर अपने अध्यापक द्वारा सकारात्मक पुनर्बलन प्राप्त करते हैं। अध्यापक द्वारा क्या किया जा रहा है?

(A) सम्प्रेषणात्मक उपागम
(B) कुल भौतिक प्रतिक्रिया
(C) संरचनात्मक उपागम
(D) श्रव्य भाषिक विधि

**143.** पाठ के आरंभ में एक अध्यापक ने अपनी कक्षा के शिक्षार्थियों को समूहों में बाँटा और कहा कि अभी हाल ही में पढ़े गए समाचार पत्र के रुचिकर आलेख के बारे में बात करें। बोलने (वाचन) की यह गतिविधि किसलिए है?

(A) नियंत्रित मौखिक अभ्यास
(B) निर्देशित मौखिक अभ्यास

(C) सक्रिय श्रवण
(D) मौखिक प्रवाह अभ्यास

**144.** इस प्रकार के पठन के कुछ अधिगम उद्देश्य और कार्य हैं। शिक्षार्थियों से अपेक्षा रहती है कि वे विषयवस्तु को विस्तार से ध्यानपूर्वक और सावधानीपूर्वक पढ़ें, यह है—
(A) गहन पठन (इंटैंसिंव)
(B) निर्देशित पठन
(C) आनन्द के लिए पठन
(D) विस्तृत पठन

**145.** एक अध्यापक ने कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को शीघ्रता से एक कहानी पढ़ने और उसके बाद चार चित्रों को क्रम में लगाने के लिए कहा। इस गतिविधि का क्या उद्देश्य है?
(A) सारांशीकरण के लिए पठन का अभ्यास करवाना।
(B) विशिष्ट सूचना जानने के लिए पठन का अभ्यास करवाना।
(C) कहानी में आए नए और कठिन शब्दों की पुनरावृत्ति।
(D) चित्र कार्डों को क्रम से लगाना।

**146.** एक अच्छी वाचन (बोलना) गतिविधि वह है जिसमें—
(A) शिक्षार्थी अधिक सुनते हैं।
(B) शिक्षार्थी अधिक बातचीत करते हैं।
(C) अधिकांशतः मुखरित विद्यार्थियों को ही सहभागिता रहती है।
(D) अध्यापक अधिक व्याख्या करते हैं।

**147.** कक्षा में छोटे बच्चों के लिए मुद्रित पुस्तकों के साथ-साथ श्रव्य पुस्तकें और छोटे बच्चों की स्पर्शग्राही योग्यता का इस्तेमाल करने वाली पुस्तकें होनी चाहिए क्योंकि—
(A) यह अध्यापकों को आकलन के लिए विभिन्न पुस्तकों का प्रयोग करने की स्वायत्तता देती है।
(B) विविधता वाले शिक्षार्थियों तक पुस्तकें अधिक सुलभ बनाती हैं।
(C) अध्यापक पर अधिक बोझ नहीं डालती हैं।
(D) कक्षा में विविधता आती है और बच्चों को विविधिता बहुत पसंद है।

**148.** प्राथमिक स्तर पर भाषा कौशल का आकलन करने के लिए भाषा अध्यापक को मुख्यतः किस पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए?
(A) विराम चिह्नों का प्रयोग।
(B) उचित गति के साथ पठन।
(C) समझ के साथ पठन।
(D) वर्णमाला के अक्षरों की पहचान करना।

**149.** बुनियादी चरण में आकलन के उपकरण और प्रक्रियाओं की अभिकल्पना इस तरह होनी चाहिए—
(A) जो बच्चे के अधिगम अनुभव का सहज विस्तार बन सकें।
(B) शिक्षार्थी की प्रगति का उसके समग्र कक्षा प्रदर्शन के संदर्भ में वर्णन और विश्लेषण किया जाना चाहिए।
(C) अध्यापक सभी शिक्षार्थियों की उपलब्धि का आकलन करने के लिए एक ही विधि का प्रयोग कर सकते हैं।
(D) जिससे जाँचपत्र व परीक्षाएँ शिक्षार्थियों के लिए स्पष्ट व उचित हो सकें।

**150.** पठन सीखने में सबसे बड़ी चुनौती प्रेरणा और अच्छा बालसाहित्य पाने की है। इस चुनौती को दूर करने के लिए—
(A) अभिभावकों को अपने घर में एक छोटा-सा पुस्तकालय बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
(B) बाल साहित्य की सरलता से उपलब्धता जिससे पठन के लिए प्रोत्साहन और रुचि पैदा हो।
(C) विद्यालय के अधिकारियों को चाहिए कि वे बच्चों को पुस्तक मेले ले जाया करें जिससे कि वे पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित हों और रुचि पैदा हो।
(D) अध्यापकों को गृहकार्य के रूप में प्रतिदिन एक पुस्तक पढ़ने के लिए अभिप्रेरित करना चाहिए।

# व्याख्यात्मक हल

## भाग-I

## बालविकास एवं शिक्षाशास्त्र

**1.** (B) बच्चों द्वारा बचपन अलग–अलग संस्कृतियों में अलग– अलग तरह से अनुभव किया जाता है, क्योंकि यह स्वाभाविक है कि संस्कृति एक स्थान से दूसरे स्थान पर, परिस्थितियों, भाषा, परंपराओं आदि के रूप में भिन्न होती है। बाल्यावस्था में ही बच्चे संस्कृतियों के बीच अंतर का अनुभव करने लगते हैं, और यह भी सीखने लगते हैं कि विविध संस्कृति कैसे उनके जीवन को एक दूसरे से अलग बनाती है। अतः हम कह सकते हैं कि अभिकथन (A) सही है, जबकि बच्चों के विकास को सार्वभौमिक स्तर पर परिभाषित करना संभव नहीं है, क्योंकि प्रत्येक बालक अलग–अलग पृष्ठभूमि और संस्कृतियों में अलग–अलग क्षमताओं और अक्षमताओं के साथ विकसित होता है। अतः कारण (R) सही नहीं है।

**2.** (D) प्राथमिक कक्षाओं में भाषा का विकास तब संसाधित होता है, जब शिक्षक अमूर्त अवधारणाओं को संदर्भित करने के लिए ठोस उदाहरणों का उपयोग करते हैं। भाषाई और सामाजिक अनुभव अमूर्त अवधारणाओं के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अमूर्त अवधारणाओं का प्रसंस्करण भाषाई संपर्क और सामाजिक अनुभवों को उद्घाटित करता है, जिससे मुख की मोटर प्रणाली सक्रिय हो जाती है। अमूर्त अवधारणाओं के साथ भाषा एक सामाजिक उपकरण के रूप में कार्य करती है। यह हमारी सोचने की क्षमता में वृद्धि करती है।

**3.** (C) विकास के क्रम में बच्चे सूक्ष्म पेशीय कौशल से पहले सकल पेशीय कौशल विकसित करते हैं। यह विकास की समीप–दूराभिमुख सिद्धांत की प्रवृत्ति को दर्शाता है। इस क्रम के अनुसार शरीर के केन्द्रीय भागों में विकास पहले होता है तत्पश्चात् केन्द्र से दूरवर्ती भागों की ओर चलता है। जैसे–धड़ एवं पेट के क्षेत्रों में शीघ्र क्रियाशीलता दिखाई देती है तथा हाथ और पैरों की अंगुलियों में सबसे अन्त में क्रियाशीलता दिखाई देती है, क्योंकि ये अंग शरीर के केन्द्र से दूर होते हैं। इस क्रम के अनुसार शरीर के केन्द्रीय भाग पहले और दूरवर्ती भाग बाद में विकसित होते हैं।

**4.** (D) लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत में बच्चे कार्यों को उनके परिणाम के आधार पर अच्छा या बुरा समझने से, इस समझ पर पहुँचते हैं कि नियम और कानून नम्य हैं और बदले जा सकते हैं, अर्थात नैतिक विकास का यह सिद्धांत अपने पहले स्तर (पूर्व–पारंपरिक स्तर) के प्रथम चरण (दंड और आज्ञाकारिता अभिविन्यास) में नैतिकता के नियंत्रण से तृतीय स्तर (उत्तर–पारंपरिक स्तर) के अंतिम चरण (सार्वभौमिक सिद्धांत) में नैतिकता के मूल्यांकन तक पहुँचता है। लॉरेंस कोहलबर्ग के अनुसार नैतिक विकास एक असतत् प्रक्रिया है जो छः चरणों में सम्पन्न होती है। वह अपने सिद्धान्त द्वारा दिये गए 3 स्तर के 6 चरणों को सार्वभौमिक मानते हैं। इन छः चरणों में से प्रत्येक चरण नैतिक दुविधाएँ सुलझाने में अपने पूर्व चरण से अधिक परिपूर्ण है।

कोहलबर्ग ने नैतिक विकास के सिद्धान्त को अवस्था का सिद्धान्त भी कहा है।

**5.** (A) संज्ञानात्मक विकास का तात्पर्य संज्ञानात्मक योग्यताओं के विकास से है। संज्ञानात्मक विकास के अंतर्गत कल्पना, तर्क, चिंतन और समस्या समाधान आदि से सम्बन्धित योग्यतायें आती हैं। जीन पियाजे संज्ञानात्मक विकास के क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति थे, उनके सिद्धांत को 'संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत' के रूप में जाना जाता है।

**6.** (A) जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार, विकेंद्रण ऐसी क्षमता है जो मूर्त–संक्रियात्मक सोच को पूर्व–संक्रियात्मक सोच से अलग करती है। विकेन्द्रण संप्रत्यय का सम्बन्ध यथार्थ चिन्तन से है । विकेन्द्रण दर्शाता है कि कोई बालक किसी समस्या के समाधान के सम्बन्ध में किस सीमा तक वास्तविक ढंग से सोच–विचार करता है। इस संप्रत्यय का उल्टा आत्मकेन्द्रण है। पूर्व–संक्रियात्यक चरण में, बालक में आत्मकेन्द्रण प्रारंभ हो जाता है। आत्मकेन्द्रण एक स्थिति के एक ही पहलू पर विचार करने की क्षमता को दर्शाता है। मूर्त–संक्रियात्मक चरण में बालक विद्यालय जाना प्रारंभ कर लेता है और उस में वस्तुओं एवं घटनाओं के बीच समानता, विकेंद्रण, विलोमनीयता, भिन्नता आदि को समझने की क्षमता उत्पन्न हो जाती है। वह तर्क कर सकता है। इस अवस्था में बालकों में वर्गीकरण, क्रमानुसार व्यवस्था, किसी भी वस्तु व्यक्ति के मध्य पारस्परिक संबंध का ज्ञान हो जाता है । इन्द्रियों का समन्वय व वस्तु स्थायित्व का संप्रत्यय, संज्ञानात्मक विकास के संवेदी–गामक चरण के अंतर्गत प्रारम्भ हो जाता है।

**7.** (A) लॉरेंस कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अनुसार पहले स्तर (पूर्व–पारंपरिक स्तर) के दूसरे चरण (व्यक्तिवाद और विनिमय) में बच्चे आत्मकेंद्रित होते हैं और किसी कार्य को करने में अपना ही लाभ देखते हैं, इसीलिए इसे स्वार्थ उन्मुखीकरण चरण भी कहा जाता है। इस चरण में बच्चा सोचता है कि अपने हितों के अनुसार कार्य करने में कुछ गलत नहीं है, पर हमें साथ में दूसरों को भी उनके हितों के अनुरूप काम करने का मौका देना चाहिए।

**8.** (A) सीखने के सामाजिक-संरचनावादी विचार इस बात की वकालत करते हैं कि शिक्षार्थी सक्रिय रूप से ज्ञान का निर्माण करते हैं। छात्र नए ज्ञान को दुनिया की अपनी समझ और उस क्षण तक के अपने अनुभवों में पिरोकर उसका अर्थ निकालते हैं। संरचनावादी दृष्टिकोण शिक्षण–अधिगम की प्रक्रिया में शिक्षक–केंद्रित या विषय–केंद्रित दृष्टिकोण के उपयोग को हतोत्साहित करता है। इसके बजाय, यह उन सभी विधियों और तकनीकों को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है जो शिक्षार्थी–केंद्रित हैं। यह शिक्षण–अधिगम के चिंतनशील स्तर को प्रोत्साहित करता है।

**9.** (A) लेव–वायगोत्सकी प्रस्तावित करते हैं कि निजी–वाक् बच्चों में स्व–नियमन के लिए महत्वपूर्ण हैं। निजी वाक् का प्रयोग बच्चा स्वयं से बात करने के लिए और बौद्धिक कार्यों के लिए करता है। बच्चों में यह तीन साल की आयु से शुरू होती है। इसमें बच्चा स्वयं से भी जोर से बात करता है। धीरे–धीरे यह वाक्य मूक वाक् का रूप ले लेता है अर्थात् बच्चा स्वयं से तो बात करता है किन्तु उसको दूसरा व्यक्ति सुन नहीं पाता है। इसे वॉयगोत्सकी ने "मूक अन्तः वाक" भी कहा है। वॉयगोत्सकी पहले मनोवैज्ञानिक थे जिन्होंने सबसे पहले निजी वाक् की महत्ता को बताया। वॉयगोत्सकी ने भाषा के तीन प्रकार सामाजिक वाक, मूक अन्तः वाक् तथा निजी वाक् बताए हैं।

**10.** (C) रस्सी कूदते समय पैर में रस्सी फँसने के कारण 'आउट' होने के बाद अरु कहती है कि उसे रस्सी ने जानबूझकर 'आउट' किया है। जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत की पूर्व–चलन अवस्था में बच्चे इस तरह के तर्क देते हैं, क्योंकि पूर्व–चलन अवस्था में बच्चे में सोचने में अहंकारिता होती है और वे दूसरे के दृष्टिकोण पर विचार नहीं करते हैं अर्थात वे अपनी बात को ही प्राथमिकता देते हैं।

**11.** (D) समीपोदूराभिमुख विकास का सिद्धांत कहता है कि शैशवावस्था में हाथों और पैरों की तुलना में शरीर के केंद्रीय अंग तेजी से बढ़ते हैं। इस क्रम के अनुसार शरीर के केन्द्रीय भागों में विकास पहले होता है। तत्पश्चात् दूरवर्ती भागों की ओर चलता है। जैसे धड़ एवं पेट के क्षेत्रों में शीघ्र क्रियाशीलता दिखाई देती है। हाथ और पैरों की अंगुलियों में सबसे अन्त में क्रियाशीलता दिखाई देती है, क्योंकि ये अंग शरीर के केन्द्र से दूर होते हैं।

**12.** (B) पाड़/मचान एक ऐसी प्रक्रिया को संदर्भित करता है, जिसके माध्यम से अधिगमकर्ता को लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधिगम में वृद्धि करने के लिए अस्थायी सहायता प्रदान की जाती है। पाड़ बच्चे की क्षमता को बढ़ाने के लिए सही समय पर सही मात्रा में सही प्रकार की सहायता प्रदान करने की एक तकनीक है। बोल कर सोचो, संकेत व इशारे, प्रश्न तथा आधा हल किया हुआ उदाहरण आदि पाड़/मचान (scaffolding) के उदाहरण हैं।

**13.** (B) हावर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि के सिद्धांत के अनुसार संगीतमय बुद्धि प्रदर्शन या रचना करने के कौशल को संदर्भित करती है। संगीतमय बुद्धि संगीत की रचना करना, लिखने और प्रदर्शन करने के लिए लय, ध्वनियों और स्वरूप का उपयोग करने की क्षमता होती है। इसमें संगीत के प्रति संवेदनशीलता और संगीत के स्वरूपों को पहचानने और उन्हें परिवर्तित करने की क्षमता शामिल होती है जबकि तार्किक–गणितीय बुद्धि तर्क और गणितीय क्षमता का उपयोग करने की क्षमता है, स्थानिक बुद्धि स्थानिक और दृश्य की जानकारी को प्रभावी ढंग से देखने, समझने और उपयोग करने की क्षमता है तथा अंतःवैयक्तिक बुद्धि स्वयं को समझने और किसी के विचारों, भावनाओं, संवेगों, उद्देश्यों और इच्छाओं को जानने और ये उनके व्यवहार को कैसे प्रभावित करते हैं, की क्षमता है।

**14.** (B) प्रगतिशील शिक्षा का एक प्रमुख सिद्धांत यह है कि सीखना प्रामाणिक कार्यों पर आधारित होना चाहिए अर्थात् प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से सीखना लाभकारी है। प्रगतिशील शिक्षा के माध्यम से स्वयं करके सीखने को बढ़ावा मिलता है तथा छात्र विभिन्न गतिविधियों, प्रयोगों आदि के माध्यम से सीख सकते हैं। प्रगतिशील शिक्षा विविधता का सम्मान करती है। सम्पूर्ण विश्व में प्रगतिशील शिक्षा आन्दोलन को चलाने में डीवी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

**15.** (D) अपसारी चिंतन कई उत्तरों को प्रोत्साहित करता है, जबकि अभिसारी चिंतन एक ही उत्तर पर स्थिर होता है। अपसारी चिंतन में किसी भी समस्या का समाधान करने हेतु विभिन्न जानकारियाँ, साक्ष्य व तथ्य एकत्र किये जाते हैं फिर इन जानकारियों,साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर अलग–अलग तरीकों से समस्या समाधान किया जाता है। यह सामान्यतः स्वतंत्र व स्वैच्छिक होता है, इसमें हमारा मस्तिष्क अव्यवस्थित रूप

से समस्या समाधान के उपाय खोजता है और विभिन्न तरीकों से समस्या समाधान करता है। इसका प्रयोग सामान्यतः ओपन इन्डेड प्रश्नों के समाधान में किया जाता है। जिसमें उत्तरदाता अपने अनुसार कोई भी उत्तर देने के लिए स्वतंत्र होता है। अभिसारी चिंतन को निगमनात्मक चिंतन भी कहा जाता है। अभिसारी चिंतन, चिंतन का एक ऐसा प्रकार है, जिसमें व्यक्ति बहुत सारी जानकारियों तथा तथ्यों का विश्लेषण करके किसी एक उत्तर को खोजता है अर्थात् किसी एक निष्कर्ष पर पहुँचता है। इसमें गति परिशुद्धता तथा तर्कणा का विशेष महत्व है। इसका प्राथमिक उद्देश्य कम से कम समय में सर्वश्रेष्ठ तार्किक उत्तर तक पहुँचना होता है।

**16.** (C) कक्षा में खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते समय तनुज अपने दोस्त से कहता है कि वह भाला फेंकने में हिस्सा लेगा तथा रस्सी कूदने में उसकी बहन हिस्सा ले सकती है, क्योंकि वह एक लड़की है और लड़कियाँ भाला नहीं फेंक सकतीं। तनुज का यह कथन जेंडर रूढ़िवादिता को प्रदर्शित करता है। जेंडर रूढ़िवादिता का तात्पर्य व्यक्तियों को केवल उनके लिंग के आधार पर विशिष्ट गुण, विशेषताएँ या भूमिकाएँ सौंपने की प्रथा से है।

**17.** (B) रचनात्मक मूल्यांकन मापदंड के एक मानक पैमाने के अनुसार छात्रों की तुलना नहीं करता। शैक्षिक मूल्यांकन में यदि शिक्षक शिक्षार्थियों के दिन–प्रतिदिन के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है तो उस मूल्यांकन को रचनात्मक मूल्यांकन कहा जाता है। इसका मूल्यांकन विकास के प्रत्येक चरण में किया जाता है या सरल शब्दों में कहें तो यह विकास की प्रक्रिया में एक आवधिक परीक्षण है। रचनात्मक मूल्यांकन की विशेषताएं इस प्रकार हैं–

- ❖ कक्षा के दौरान छात्रों और शिक्षकों को अग्रगामी प्रतिपुष्टि प्रदान करने के लिए।
- ❖ छात्र के सीखने में गलत धारणाओं की पहचान करने के लिए।
- ❖ छात्रों के पूर्वज्ञान को निर्धारित करने के लिए एक नयी अवधारणा की शुरुआत में किया गया मूल्यांकन।
- ❖ उत्कृष्ट छात्रों के लिए विस्तार कार्य की योजना बनाने में मदद करना।

**18.** (A) छात्र की व्यक्तिगत राय पूछने वाले प्रश्न, छात्र की जानकारी का गंभीर रूप से मूल्यांकन करने की योग्यता का आकलन करने में मदद करते हैं। इससे छात्रों के चिंतन और वैचारिक समझ की गुणवत्ता, उनके वैकल्पिक स्वरूप और विभिन्न अवधारणाओं पर भ्रम, उनके तर्क आदि संज्ञानात्मक क्रियाओं का पता चलता है। ऐसे प्रश्न पूछने से बच्चों को अधिक आत्म–आश्वासन मिलता है, उन्हें अपनी राय व्यक्त करने की शक्ति मिलती है, और उन्हें अपने शैक्षिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने में मदद मिलती है।

**19.** (D) वंचित वर्गों से सम्बंधित विद्यार्थियों के समावेशन के लिए विविध परम्पराओं के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना चाहिए क्योंकि समावेशन सामान्य शिक्षा प्रणाली को और अधिक व्यापक एवं सभी बच्चों की आवश्यकताओं के प्रति सहयोगात्मक तथा प्रतिक्रियात्मक बनाकर इसके पुनर्निमाण एवं समृद्धिकरण को आवश्यक बनाता है। समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करती है कि विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को नियमित विद्यालयों में विद्यालयी प्रणाली के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सहायक सेवाओं के सहित उनकी आयु और स्तर के साथियों के साथ पढ़ाया जाए। इस प्रकार यह सामान्य पाठ्यक्रम में सभी बच्चों की आवश्यकताओं और अधिगम शैलियों के साथ सामंजस्य बैठाते हुए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य को दर्शाती है। इसका तात्पर्य है कि नियमित विद्यालयों में उपयुक्त सहायता तन्त्र के साथ सभी अधिगमकर्ता एक साथ सीखने में समर्थ हैं। यह मान्यता है कि सभी बच्चे समाज के मूल्यवान सदस्य हैं चाहे उनमें जो भी अन्तर या विविधताएं हों। इसके अतिरिक्त सभी बच्चों की अपनी अनोखी विशेषताओं, रुचियों, योग्यताओं और अधिगम आवश्यकताओं सहित मौजूदा शिक्षा प्रणाली में एक साथ होना उनके मानवाधिकारों का विषय है। अतः ऐसी शिक्षा प्रणाली और कार्यक्रम तैयार किए जाने की जरूरत है जिससे कि सभी अधिगमकर्ताओं की आवश्यकताएँ पूरी हों तथा उनकी विविधता को सम्मान मिले।

**20.** (C) समावेशी शिक्षा के सन्दर्भ में यह कहना सही नहीं है कि इस शिक्षा के अंतर्गत निश्चित पाठ्यक्रम और मानक मूल्यांकन के आसपास ही एक समावेशी कक्षा का केंद्र होता है, क्योंकि एक समावेशी पाठ्यक्रम सामग्री, विचारों और मूल्यांकन के तरीकों की विविधता की अनुमति देता है। समावेशी शिक्षा के सन्दर्भ में निम्न कथन सत्य हैं–

- ❖ समावेशी शिक्षण का अर्थ उस शिक्षाशास्त्र को अपनाना है जो सभी शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं का समर्थन करता है।
- ❖ एक समावेशी शिक्षा भाषा शैली में अंतर को समायोजित करती है और सहयोग को बढ़ावा देती है।
- ❖ समावेशी शिक्षण का अर्थ ऐसे तरीकों से शिक्षण प्रदान करना है जो बहिष्कृत न करे।
- ❖ समावेशी शिक्षा सामंजस्य बैठाते हुए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य को दर्शाती है।
- ❖ समावेशी शिक्षा चुनौतीपूर्ण, पिछड़े, अक्षम बच्चों सहित सभी के लिए समान शिक्षा सुनिश्चित करती है।

**21.** (A) ध्वन्यात्मक प्रसंस्करण में कठिनाई पठन वैकल्य की एक विशिष्ट विशेषता है। पठन वैकल्य (डिस्लेक्सिया) को सामान्यतः अधिगम के विकारों के एक स्पेक्ट्रम के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जो बोलने, पढ़ने, लिखने और शब्दों का उच्चारण करने की क्षमता को प्रभावित करता है। इस विकार में हो सकता है कि बच्चे कुछ शब्दों को गलत पढ़ लें या पढ़ने में बिल्कुल असमर्थ हों।

**22.** (D) बाधिता एक जैविक स्थिति है, जबकि अक्षमता एक कार्यात्मक स्थिति है।

**23.** (D) विद्यार्थी जो पहले से जानते हैं, उसके आधार पर वे नए ज्ञान का निर्माण करते हैं, क्योंकि पैटर्न ढूँढना और पिछले ज्ञान के साथ जुड़ाव बनाने से शिक्षार्थियों की जानकारी को सार्थक रूप प्रदान करने में मदद मिलती है। ज्ञान निर्माण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा शिक्षार्थी अन्वेषण, चिंतन और अन्तःक्रिया के माध्यम से सक्रिय रूप से किसी विषय या अवधारणा के बारे में अपनी समझ बनाते हैं। अतः स्पष्ट है कि अभिकथन (A) व कारण (R) सही हैं, तथा (R ), (A) की सही व्याख्या करता है।

**24.** (C) अधिगम एक प्रक्रिया नहीं अपितु एक उत्पाद है, यह कथन अधिगम के सन्दर्भ में सही नहीं है। इसके विपरीत यह कथन सही है कि अधिगम एक प्रक्रिया है न कि कोई उत्पाद। अधिगम एक मौलिक और जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है। दृष्टिकोण, भय, हावभाव, क्रियात्मक कौशल, भाषा कौशल आदि अधिगम के माध्यम से उत्पन्न होने वाले उत्पाद हैं। बच्चे अपने आप नहीं सीख सकते हैं, इसे एक प्रक्रिया का रूप प्रदान करना आवश्यक है । अधिगम का स्वरूप इस प्रकार है–

- ❖ अधिगम समायोजन के लिए तैयार करता है।

- ❖ अधिगम व्यापक होता है।
- ❖ अधिगम, अनुक्रिया या व्यवहार में परिवर्तन है।
- ❖ अधिगम अनुभवों का संगठन करना है।
- ❖ अधिगम उद्देश्यपूर्ण और लक्ष्य केंद्रित है।
- ❖ अधिगम सामान्यतः अपेक्षाकृत स्थायी होता है।
- ❖ अधिगम सतत् एवं सार्वभौम होता है।
- ❖ अधिगम पूर्ववैचारिक स्कीम्स का पुनर्गठन है।
- ❖ अधिगम सामाजिक क्रिया द्वारा संसाधित होती है।
- ❖ अधिगम पूर्वज्ञान पर निर्भर होता है।

**25.** (D) विद्यालयी पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के सांस्कृतिक ज्ञान को उचित स्थान व मूल्य देना चाहिए, क्योंकि विद्यार्थियों को उनकी सांस्कृतिक पहचान को बनाये रखने के लिए समर्थन प्रदान करना, सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाता है। विद्यालय संस्कृति को विद्यालय की 'छिपी हुई पाठ्यचर्या' का नाम दिया गया है। वह विद्यालय के रीति–रिवाजों, प्रथाओं, चिह्नों, कहानियों, और शब्दावली का निर्माण करती है। विद्यार्थी अवचेतन मन से अपने विद्यालय की संस्कृति से व्यवहार के कोड और अपेक्षाएं स्वयं में समाहित करते हैं, जो उनके सीखने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। अतः स्पष्ट है कि अभिकथन (A) व कारण (R ) सही है, तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**26.** (D) अपसारी चिंतन समस्या समाधान को बढ़ावा देता है। अपसारी चिंतन में किसी भी समस्या का समाधान करने हेतु विभिन्न जानकारियाँ, साक्ष्य व तथ्य एकत्र किये जाते हैं फिर इन जानकारियों,साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर अलग–अलग तरीकों से समस्या समाधान किया जाता है। यह सामान्यतः स्वतंत्र व स्वैच्छिक होता है। इसमें हमारा मस्तिष्क अव्यवस्थित रूप से समस्या समाधान के उपाय खोजता है और विभिन्न तरीकों से समस्या समाधान करता है। इसका प्रयोग सामान्यतः ओपन इन्डेड प्रश्नों के समाधान में किया जाता है, जिसमें उत्तरदाता अपने अनुसार कोई भी उत्तर देने के लिए स्वतंत्र होता है।

**27.** (C) उपयोगी प्रतिपुष्टि सामयिक और विशिष्ट होती है। प्रतिपुष्टि (फीडबैक) का अर्थ, किसी विशिष्ट शिक्षण उद्देश्य के सन्दर्भ में छात्र – छात्राओं को उनके प्रदर्शन की जानकारी देना तथा इस बारे में उनका मार्गदर्शन करना कि वे किस तरह इसमें सुधार कर सकते हैं या कैसे आगे बढ़ सकते हैं। प्रतिपुष्टि देना शिक्षण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण भाग है।

**28.** (A) भावनायें/संवेग और संज्ञान आपस में एक–दूसरे पर पारस्परिक रूप से निर्भर करते हैं। संवेग एक मानसिक स्थिति है जो भय, क्रोध, प्रेम आदि से जुड़ी है जबकि संज्ञान अनुभव और इंद्रियों के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया है। संज्ञान बताता है कि मानसिक प्रक्रियाएँ जैसे– सीखने, याद रखने, समस्या को सुलझाने और जन्म से लेकर वयस्क होने तक की सोच कैसे विकसित होती है। संज्ञान और संवेगों के बीच का संबंध द्वि–दिशात्मक तथा एक गतिशील परस्पर क्रिया है। संवेगों को सकारात्मक भावनाओं, नकारात्मक भावनाओं, किसी भी तनावपूर्ण स्थिति के लिए अवांछित प्रतिक्रियाओं के रूप में अनुभव किया जाता है, ये अक्सर निर्णय लेने की क्षमता अर्थात संज्ञान को प्रभावित करते हैं।

**29.** (A) अभिप्रेरणा जो कार्य के व्यक्तिगत आनंद से आती है, आतंरिक अभिप्रेरणा कहलाती है। इस अभिप्रेरणा में बालक किसी कार्य को अपनी स्वयं की इच्छा से करता है तथा इस कार्य को करने से उसे आनन्द और संतोष प्राप्त होता है । किसी खेल को आनंद हेतु खेलना, किसी परीक्षा को स्व–मूल्यांकन हेतु पास करने का प्रयत्न करना, या किसी प्रकार की समाज सेवा में लगना ताकि संतोष की प्राप्ति हो, आन्तरिक अभिप्रेरणा के उदाहरण हैं।

**30.** (B) अभिप्रेरणा के आरोपण सिद्धांत के अनुसार असफलता और सफलता दोनों अभिप्रेरणा के कथित कारणों से संबंधित है। आरोपण सिद्धांत इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि बच्चे घटनाओं को कैसे समझते हैं और यह उनकी धारणाओं और कार्यों को कैसे प्रभावित करता है। आरोपण सिद्धांत इस बात पर जोर देता है कि व्यक्तियों के लिए उन कारकों की खोज करना सामान्य बात है जो उनकी सफलता या विफलता से जुड़े हो सकते हैं। सफलता या असफलता के मूल में तीन बुनियादी प्रकार की विशेषताएं इस प्रकार हैं–

- ❖ आंतरिक या बाह्य
- ❖ स्थिर या अस्थिर
- ❖ नियंत्रणीय या अनियंत्रणीय

## भाग-II

## गणित

**31.** (C) $9909 + 9099 + 9009 - x = 25454$

$$28017 - x = 25454$$
$$-x = 25454 - 28017$$
$$-x = -2563$$
$$x = 2563$$

अतः विकल्प (C) सही है।

**32.** (A) माना संख्या $= x$

$$x + 8 = 2x$$
$$8 = 2x - x$$
$$x = 8$$

$\therefore$ वह संख्या 8 होगी।

अतः विकल्प (A) सही है।

**33.** (C) **कथन (A)**

**भाज्य संख्या**–एक भाज्य संख्या एक प्राकृतिक संख्या या एक धनात्मक पूर्णांक होती है जिसके दो से अधिक गुणनखण्ड होते हैं।

$\therefore$ सबसे छोटी भाज्य संख्या 4 है।

कथन (A) असत्य है।

**कथन (B) :** 1 न तो भाज्य संख्या और न ही अभाज्य संख्या है।

$\therefore$ कथन (B) असत्य है।

**कथन (C) :** 1 न तो अभाज्य है और न ही भाज्य संख्या है।

$\therefore$ कथन (C) सत्य है।

**कथन (D) :**


**अभाज्य संख्या**– वह संख्या जो केवल अपने या केवल 1 से विभाजित हो

सबसे छोटी अभाज्य संख्या 2 होती है।

$\therefore$ कथन (D) असत्य है।

अतः विकल्प (C) सही है।

**34.** (B)




दोनों एक साथ छलांग लगाएँगे

$$= 21 \times k$$
$k = 18$ रखने पर
$$= 21 \times 18$$
$$= 378$$

अतः विकल्प (B) सही है।

**35.** (C) पैकेटों की संख्या

$$= 7\frac{1}{2} \div \frac{1}{12}$$
$$= \frac{15}{2} \div \frac{1}{12}$$
$$= \frac{15}{2} \times \frac{12}{1}$$
$$= 15 \times 6 = 90$$

अतः विकल्प (C) सही है।

**36.** (A) $25.3 \times 5 - 35 \div 5 - 3 \times 18.5$

$= \frac{253}{10}\times 5 - \frac{35}{5} - 3\times\frac{185}{10}$

$= \frac{1265}{10} - \frac{35}{5} - \frac{555}{10}$

$= \frac{1265 - 70 - 555}{10}$

$= \frac{640}{10}$

$= 64$

अतः विकल्प (A) सही है।

**37.** (B) तार की लम्बाई = 100 मी.

सबसे बड़ा जमीन का टुकड़ा लेने पर जमीन का अधिकतम क्षेत्रफल

वर्ग का परिमाप = 100

4 × भुजा = 100

भुजा = 25


∴ वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा × भुजा

= 25 × 25

= 25 मी. × 25 मी.

अतः विकल्प (B) सही है।

**38.** (A) सम बहुभुज :




समबहुभुज की सभी भुजाएं समान होती हैं तथा कोण भी समान होते हैं।

∴ वर्ग सदैव समबहुभुज होता है।

**39.** (A) हम जानते हैं,

1 सेमी = 10 मिली मीटर

1 मिलीमीटर = $\frac{1}{10}$ सेमी

1 मिलीमीटर = 0.1 सेमी

अतः विकल्प (A) सही है।

**40.** (C) दिया है,

पार्सल का भार (50 ग्राम और उससे कम) = ₹ 15

और पार्सल का भार (50 ग्राम से अधिक भार) = ₹ 7

तब पार्सल का भार = 350 ग्राम

= 50 ग्राम + 50 ग्राम + 50 ग्राम + 50 ग्राम + 50 ग्राम + 50 ग्राम + 50 ग्राम

= 15 + 7 + 7 + 7 + 7 + 7 + 7

= 15 + 42

= ₹ 57

∴ 350 ग्राम पार्सल के भार के लिए ₹ 57 की राशि चुकानी होगी।

**41.** (A) **विकल्प (A) :**

प्रत्येक पैकेट का मूल्य = ₹ 7.50

750 पैकेट का मूल्य = 7.50 × 750

= ₹ 5625

**विकल्प (B) :**

प्रत्येक वस्तु का मूल्य = ₹ 750

7.5 दर्जन = 7.5 × 12 वस्तु

= 90 वस्तु

90 वस्तुओं का मूल्य = ₹ 750 × 90

= ₹ 67500

**विकल्प (C) :**

प्रत्येक वस्तु का मूल्य = ₹ 7.50

75 दर्जन वस्तु = 75 × 12 वस्तुएँ

= 780 वस्तुएँ

780 वस्तुओं का मूल्य = ₹ 7.50 × 780

= ₹ 5850

**विकल्प (D) :**

प्रत्येक पैकेट का मूल्य = ₹ 750

75 पैकेट का मूल्य = ₹ 750 × 75

= ₹ 56250

अतः विकल्प (A) सबसे कम लागत है।

**42.** (B) संज्ञानात्मक संघर्ष के प्रति बच्चों को सुगम्य बनाने के शिक्षक के विचारपूर्ण प्रयासों से उनकी गणितीय समझ को बढ़ावा मिल सकता है, क्योंकि गणित की समझ समस्या-समाधान पर जोर देने पर निर्भर करती है। गणित शिक्षण में संज्ञानात्मक संघर्ष बच्चे के विचार के लिये गणितीय समझ को बढ़ावा देने में सबसे उपयुक्त है। संज्ञानात्मक विचार इस बात पर ध्यान केन्द्रित करते हैं कि गणित की बेहतर समझ हासिल करने के लिये छात्र नये और वर्तमान ज्ञान को जोड़ने के लिए क्या कर सकते हैं ? संज्ञानात्मक संघर्ष बच्चों को ज्ञान का निर्माण करने में सहायता प्रदान करता है।

**43.** (B) आरंभिक संख्या अवधारणा को पूर्व विद्यालयी वर्षों के दौरान अर्थात् 7 वर्ष की आयु से पूर्व के बच्चों में विकसित किया जा सकता है। बच्चों की इस अवस्था को पूर्व संक्रियात्मक अवस्था भी कहा जाता है। इस अवस्था में आरंभिक संख्या अवधारणा के बनने से एकैकी संगति तथा पदानुक्रमिक समावेशन संबंधित है। एकैकी संगति को 'मिलान' द्वारा समझा जा सकता है जबकि पदानुक्रमिक समावेशन एक गणना सिद्धान्त है, जिसे कभी-कभी गणन कारक सिद्धान्त के रूप में संदर्भित किया जाता है जो बच्चों में पूर्व–संख्या अवधारणा निर्माण से भी संबंधित है। पदानुक्रमित समावेशन एक ऐसी समझ को प्रदर्शित करता है, जो बताती है कि संख्याएँ एक-दूसरे के अन्दर निहित होती हैं तथा संख्या एक-एक गिनती आगे बढ़ती है।

**44.** (A) कक्षा III के एक विद्यार्थी ने 26 × 5 को इस प्रकार हल किया

$$\begin{array}{r} 2\ 6 \\ \times\ \ 5 \\ \hline 1030 \end{array}$$

पुनर्समूहीकरण की अवधारणा को दोहराना इस भ्रांति को सुधारने के लिये सबसे उपयुक्त होगा। दो अंकों की संख्याओं को जोड़ते या घटाते समय 10 के समूह बनाने की प्रक्रिया को पुनर्समूहीकरण के रूप में जाना जाता है। इसके लिये सामान्यतः हासिल और दहाई दो शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

**45.** (A) कक्षा में विद्यार्थियों की लम्बाई, उनका पसंदीदा खाना, रंग, कार्टून इत्यादि पर आँकड़े इकट्ठे करना और आँकड़ों पर आधारित प्रश्न पूछना आदि प्रक्रियायें प्राथमिक स्तर पर 'आँकड़ों का प्रबंधन' के परिचय के लिये सबसे उपयुक्त हैं। आंकड़ों का प्रबंधन एक तरह से जानकारी एकत्र करने, रिकॉर्ड करने और प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है जो विश्लेषण करने, पूर्वानुमान करने और विकल्पों के लिये सहायक होता है। आंकड़ों की प्रबंधन प्रक्रिया में शामिल चरण इस प्रकार हैं—

1. समस्या की पहचान
2. डेटा संग्रह
3. डेटा प्रस्तुति
4. सचित्र प्रस्तुतिकरण
5. आंकड़ों का विश्लेषण
6. निष्कर्ष

**46.** (A) कक्षा II में $\begin{array}{r}182\\ \underline{67}\\ \end{array}$ को हल करवाते हुये एक अध्यापिका ने स्पष्ट किया कि हमें 7 को 2 में से घटाना है और 2, छोटा है 7 से। इसलिये हमें 8 से एक उधार लेना पड़ेगा और तब हम 12 में से 7 को घटाकर पाएँगे। एक बच्चे ने अध्यापिका से पूछा, मैडम्! हम 8 से उधार क्यों ले रहे हैं। उधार लेना अच्छा नहीं होता। इस परिस्थिति में अध्यापिका को 'उधार' शब्द को बदलकर 'पुनर्समूहीकरण' शब्द का उपयोग करना चाहिये और पुनर्समूहीकरण की प्रक्रिया दिखानी चाहिये। दो अंकों की संख्याओं को जोड़ते या घटाते समय 10 के समूह बनाने की प्रक्रिया को पुनर्समूहीकरण के रूप में जाना जाता है। इसके लिये आमतौर पर हासिल और दहाई दो शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

**47.** (C) स्थानीय मान चार्ट, शुरुआती कक्षा के विद्यार्थियों में इकाई, दहाई और सैकड़े के संबंध के बारे में अवधारणात्मक

समझ विकसित करने के लिये सबसे कम उपयुक्त है। स्थानीय मान चार्ट का प्रयोग इकाई, दहाई और सैकड़े के संबंध के बारे में अवधारणात्मक समझ विकसित करने के उपरान्त किया जाता है, जबकि मुद्रा, गिनतारा तथा डीन्स ब्लॉक्स आदि मॉडलों का प्रयोग शुरुआती कक्षा के शिक्षार्थियों में इकाई, दहाई और सैकड़े के संबंध के बारे में अवधारणात्मक समझ विकसित करने के लिये किया जाता है।

**48.** (D) इबारती सवाल उन अभ्यासों को संदर्भित करते हें जहाँ बच्चा परिस्थिति को एक ऐसा औपचारिक रूप देता है, जिसमें गणितीय तकनीक को लागू किया जा सके। इबारती प्रश्न एक ऐसी स्थिति का शाब्दिक विवरण है जिसमें एक या एक से अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनके उत्तर आमतौर पर पाठ में उपलब्ध संख्यात्मक आंकड़े की जानकारी के लिये गणितीय संचालन के उपयोग से प्राप्त किये जा सकते हैं। ऐसे प्रश्नों को प्राथमिक स्तर पर शामिल किया जाना चाहिये। ऐसे प्रश्न शिक्षकों के लिये एक महत्वपूर्ण आकलन उपकरण हैं, क्योंकि ये पढ़ाये जा रहे गणित की पूरी समझ प्रदर्शित करते हैं। ऐसे प्रश्न छात्र के मानसिक कौशल में वृद्धि करते हैं और तार्किक विश्लेषण को बढ़ाकर सृजनात्मक चिंतन में भी वृद्धि करते हैं।

**49.** (C) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन. ई. पी.) 2020 "भारत का ज्ञान" के बारे में बात करती है। इसके अन्तर्गत विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि के आकलन के लिये औपचारिक परीक्षाएँ सुनिश्चित करना सम्मिलित नहीं है। NEP 2020 द्वारा 'भारत के ज्ञान' के सन्दर्भ में कही बातों में निम्न विशेषतायें सम्मिलित हैं—

1. विभिन्न विषयों जैसे—गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, कृषि इत्यादि के हिस्से के रूप में आदिवासी ज्ञान, अधिगम के स्वदेशी और पारंपरिक तरीके।
2. सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में विभिन्न राज्यों का दौरा।
3. आधुनिक भारत के प्रति प्राचीन भारत का ज्ञान और उसका योगदान।

**50.** (D) राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार एक प्राथमिक गणित कक्षा में होने वाली प्रक्रियाओं में सबसे कम प्रासंगिक सूत्रों को याद करना है, क्योंकि NCF 2005 किसी भी प्रकार के रटने को स्वीकार नहीं करता। NCF 2005 के अनुसार गणित शिक्षण का उद्देश्य सोचने और तर्क करने की शक्तियों का विकास करना है। NCF 2005 के अनुसार, एक प्राथमिक गणित कक्षा में निम्न प्रक्रियाएँ प्रासंगिक हैं—

1. पैटर्न (प्रतिमानों) का उपयोग करना
2. दृश्यीकरण
3. संबंध स्थापित करना और निरूपण।

**51.** (A) गणित के शिक्षण में 'विभिन्न प्रकार के तरीकों' के लिये यह कहना सत्य नहीं है कि यह बच्चे के अधिगम में बाधा डालते हैं, क्योंकि यह भ्रम की अगुआई करता है जबकि गणित में विभिन्न 'प्रकार के तरीके' गणित के ज्ञानक्षेत्र के विस्तार को प्रदर्शित करते हैं। गणित के शिक्षण में विभिन्न प्रकार के तरीकों के लिये निम्न कथन सत्य हैं—

(1) इस तरह के विकल्प प्रस्तुत करने से बच्चों को उस उपागम का अन्वेषण करने और उपयोग करने का अवसर मिलता है जो उनके लिये सबसे स्वाभाविक और आसान हो।

(2) यह स्कूली गणित को एक ही सही उत्तर होने की परंपरा से मुक्त करने के लिये महत्वपूर्ण है।

(3) ऐसा बहुत बार होता है कि एक समस्या का समाधान करने के कई तरीके हों।

**52.** (C) अन्तर्ज्ञान को हतोत्साहित करना चाहिए क्योंकि यह गणितीय विचारों को विकसित करने में बाधा डालता है, यह कथन गणितीय अधिगम को प्रोत्साहित करने के सन्दर्भ में सबसे कम उपयुक्त है क्योंकि अन्तर्ज्ञान सदैव यह प्रदर्शित करता है कि छात्र पहले से कितना जानता है और क्या-क्या कर सकता है। जिससे नवीन अवधारणाओं को पूर्व ज्ञान से सरलता से जोड़ा जा सकता है। गणितीय अधिगम को प्रोत्साहित करने के लिये सबसे उपयुक्त कथन इस प्रकार हैं—

1. सभी गणित सीख सकते हैं।
2. गणित अधिगम जेंडर–विशिष्ट नहीं होता है।
3. असफलता का अर्थ यह नहीं होता कि विद्यार्थी गणित नहीं कर सकते।
4. गणित अधिगम में विभिन्न शिक्षण सामग्रियों के प्रयोग को सुनिश्चित करना।
5. तर्क के लिये छात्रों को प्रोत्साहित करना।

**53.** (B) गणित की भाषा उन-विचारों को व्यक्त करना आसान बनाती है, जिन्हें गणितज्ञ व्यक्त करते हैं। गणित की भाषा की विशेषतायें इस प्रकार हैं—

(1) यह सटीक होनी चाहिये।

(2) यह सरल होनी चाहिये।

(3) यह शुद्ध होनी चाहिये।

(4) बच्चे की दैनिक जीवन में उपयोग की जाने वाली भाषा के माध्यम से इसे प्रबलित किया जाना चाहिये।

(5) यह स्वयंसिद्ध व व्यवस्थित होनी चाहिये।

**54.** (A) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में संज्ञानात्मक पक्ष, भावात्मक पक्ष और मनोगत्यात्मक पक्ष के रूप में तीनों पहलुओं में शिक्षार्थियों का आकलन शामिल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति रटकर सीखने और परीक्षा के लिये सीखने के बजाय वैचारिक समझ पर जोर देती है।

**55.** (D) जब शिक्षिका यह सुनिश्चित करती है कि उसके द्वारा बनाया गया टैस्ट, उस टैस्ट के उद्देश्यों एव कसौटी को पूरा करते हैं तब इस स्थिति में मूल्यांकन के 'वैधता' पक्ष का उपयोग किया गया है। एक परीक्षण को वैध माना जाता है यदि वह वही मापता है जो वह मापना चाहता है।

**56.** (D) गणित में लैब जरूरी है, क्योंकि यह क्रियाशील गतिविधियों द्वारा अवसर प्रदान करती है। गणित में लैब/प्रयोगशाला, गणितीय संकल्पनाओं और सूत्रों को क्रियाकलापों द्वारा समझाने में सहायता प्रदान करती है। विद्यार्थियों को गणित सीखने की प्रक्रिया में स्वतन्त्र।

**57.** (A) पासे को 10 बार उछालने पर प्राप्त परिणाम 5, 3, 6, 6, 1, 4, 5, 3, 3, 2
पासे को 10 बार उछालने पर अधिकतम बार आने वाली संख्या 3 है।
अतः विकल्प (A) सही है।

**58.** (B) त्रिभुज के सभी आन्तरिक कोणों का योग $= 180^o$
अतः विकल्प (B) सही है।

**59.** (B) $2\frac{2}{3}$ समकोणों में डिग्री

$$\text{डिग्री} = \frac{2\times3+2}{3}\times90^o = \frac{8}{3}\times90^o = 8\times30^o = 240^o$$

अतः विकल्प (B) सही है।

**60.** (C) शृंखला का क्रम निम्नवत् है—

$$\begin{array}{ccccccc} 1, & 8, & 27, & 64, & 125, & \underline{216}, & \underline{343}, \\ \downarrow & \downarrow & \downarrow & \downarrow & \downarrow & \downarrow & \downarrow \\ (1)^3 & (2)^3 & (3)^3 & (4)^3 & (5)^3 & (6)^3 & (7)^3 \end{array}$$

दिये गये पैटर्न के अगले दो पद 216 और 343 हैं।
अत: विकल्प (C) सही है।

## भाग-III

## पर्यावरण

**61.** (D) • कथन (a) जाइलम जल और खनिजों को जड़ों से पौधों के बाकी हिस्सों तक पहुँचाता है कथन (b) फ्लोएम भोजन को पत्तियों से पौधों के विभिन्न भागों में स्थानांतरित करता है दोनों कथन (a) और (b) सही हैं।
- ये दोनों पौधों में परिवहन तंत्र का कार्य करते हैं ये पौधे में संवहनी ऊतक प्रणाली के घटक हैं।
- जाइलम चार प्रकार के तत्वों से बना होता है—ट्रेकिड्स, वाहिकाएँ, जाइलेम फाइबर, जाइलेम पैरेंकाईमा।
- फ्लोएम चार प्रकार के तत्वों से बना होता है—चालनी नलिका, साथी कोशिकाएं, फ्लोएम रेशे, फ्लोएम पैरेंकाईमा इसे बास्ट भी कहा जाता है।

**62.** (D) • रेशम का कीड़ा अपनी मादा को उसकी गंध से कई किलोमीटर दूर से पहचान लेता है, क्योंकि कुछ मादा कीड़े 'फैटीमोनस' छोड़ते हैं जिसमें गंध को नर कीड़े पहचान लेते हैं। दोनों कथन (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

**63.** (A) • पक्षियों का अध्ययन करने वालों ने यह प्रेक्षण किया है कि पक्षियों की एक विशेष प्रजाति में नर पक्षी अपने घोंसले बनाते हैं। मादा पक्षी उन सभी घोसलों को देखती है। उनमें से उसे जो सबसे अच्छा लगता है उसमें ही वह अंडा देने का निश्चय करती है इस पक्षी का नाम वीवर पक्षी है।
- यह एक छोटी चिड़िया (नर) होती है जो घास के तिनकों और अन्य पौधों के रेशों का उपयोग करके अपने लिए घोंसले बनाती है।
- ये विशेष रूप से अपने छत वाले घोंसलों के लिए जाने जाते हैं जो जटिल, लटकते बुने हुए कक्षों का निर्माण करते हैं।

**64.** (B) • अभिकथन (A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है।
- अधिक ऊँचाई पर वायुमंडलीय दाब कम होने से पानी का क्वथनांक कम हो जाता है और पानी जल्दी ही वाष्प बनकर उड़ जाता है।
- ज्यादा ऊँचाई पर पानी कम तापमान पर उबलता है इसलिए, तैयार किए गए खाद्य पदार्थ कम तापमान पर पकते हैं और उन्हें पकाने में ज्यादा समय लगता है।
- इसीलिए हम अधिक ऊँचाई की तुलना में समुद्र तल पर आसानी से खाना पका सकते हैं, क्योंकि यहाँ क्वथनांक बढ़ जाता है।

**65.** (C) • डॉक्टर मरीजों में मलेरिया की पहचान के लिए खून की जाँच करने के लिए कहते हैं खून की जाँच से मलेरिया परजीवी के कौन से कण (एंटीजन) मरीजों में मौजूद हैं इसका पता मलेरिया के परीक्षण से लगता है।
- मलेरिया एक वाहक रोग संक्रामक है। यह लाल रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करता है इसमें प्लाज़्मोडियम की पाँच प्रजातियों में से एक प्रोटोज़ोआ होता है।
- मलेरिया बीमारी में बुखार, ठंड लगना, पसीना, बीमारी और भावना सामान्य की (मेलेइस) दस्त कभी–कभी, पेट दर्द, श्वसन संकट, भ्रम और सीज़र्स आदि लक्षण होते हैं।
- मलेरिया मादा एनोफिलीज जाति के मच्छरों से फैलता है।

**66.** (B) • लगभग 4,700 वर्ष पूर्व सिंधु और इसकी सहायक नदियों के किनारे कुछ शुरुआती शहर बसे थे इस काल को सिंधु घाटी सभ्यता, सिंधु घाटी सभ्यता या हड़प्पा सभ्यता भी कहा जाता है जबकि गंगा और उसकी सहायक नदियों के किनारे शहरों का विकास लगभग 3500 वर्ष पहले या 1500 ई. पू. में हुआ था। अतः कथन (A) सही परन्तु (B) गलत है।
- यह भारतीय उपमहाद्वीप की सबसे पुरानी ज्ञात शहरी संस्कृति है इस सभ्यता का विकास सिंधु और घग्घर नदी के किनारे हुआ था।
- मोहनजोदड़ो, कालीबंगा, लोथल, धौलावीरा, राखीगढ़ी और हड़प्पा, सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं।
- सिंधु नदी प्रणाली में सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज शामिल हैं सिंधु नदी भारत और पाकिस्तान दोनों से होकर गुजरती है।

**67.** (B) • मधुमक्खियाँ शहद के छत्ते में रहती हैं। हर छत्ते में एक रानी मक्खी होती है जो केवल अंडे देती है तथा छत्ते में कुछ नर मक्खी भी होते हैं जो प्रजनन का कार्य करते हैं।
- प्रत्येक छत्ते में तीन प्रकार की मधुमक्खियाँ होती हैं जिनमें श्रमिक मक्खी जो नए छत्ते बनाती है और सभी प्रकार के फूलों के रस से शहद इकट्ठा करती है। ये मनुष्य के आहार शृंखला के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- मधुमक्खी की कई प्रजातियाँ होती हैं ये एक ही छत्ते में 10 से 15 हजार की संख्या में होती हैं।

**68.** (D) • (A) और (B) दोनों सही हैं।
- बोरा, असम में इस्तेमाल की जाने वाली चावल की एक सामान्य किस्म है यह एक चिपचिपा चावल है, जो विशेष रूप से असम में पाया जाता है।
- धान की खेती के लिए चिकनी (काली) मिट्टी उपयुक्त होती है इस फसल को प्रचुर मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है।
- यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है यह चावल की फसल, भारत की सबसे अहम खाद्य फसल है, भारत में चावल की खेती समुद्र तल से 3,000 मीटर की ऊँचाई तक और 8 से 35 डिग्री उत्तरी अक्षांश तक होती है।
- इसकी खेती के लिए गर्म और नम जलवायु की जरूरत होती है चावल की फसल के लिए 21 से 42 डिग्री सेल्सियस का तापमान होना चाहिए।

**69.** (C) • घड़सीसर से सम्बन्धित कथनों में यह तालाब आज भी प्रयोग में है यह कथन सही नहीं है, क्योंकि वर्तमान में इसका जल प्रायोज्य नहीं है।
- इस झील का पुनर्निर्माण 1367 ईसवी अर्थात् लगभग 650 वर्ष पूर्व राजा भाटी सिंह घडसी ने करवाया था उन्हीं के नाम पर झील का नाम रखा गया था।
- झील, जैसलमेर किले से करीब 1.5 किलोमीटर दूर है 20वीं सदी के पूर्वार्ध तक यह झील, पूरे जैसलमेर के लिए पानी का एकमात्र स्रोत थी, परन्तु अब यह प्रयोग में नहीं है।
- यह झील नौ तालाबों से जुड़ी हुई थी।

**70.** (D) • यह समुदाय आधारित वर्षा जल संचयन प्रणाली है जोहड़, भारत के उत्तरी भाग राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पाया जाने वाला एक छोटा तालाब या पोखरा होता है।
- जोहड़ों का इस्तेमाल सूखे कुओं, पीने के कुओं और खेतों को पानी देने के लिए भी किया जाता है।

- जोहड़ छोटे होते हैं—ये मुख्य रूप से कीचड़ से भरे होते हैं और पानी के संरक्षण के लिए ढलान की चोटियों पर बने होते हैं जोहड़ों से भूजल पुनर्भरण और रिसाव बढ़ता है।
- जैसलमेर में जोहड़ों का स्थानीय उपनाम खडीन है राजस्थान के अलवर जिले में 650 से ज्यादा गाँवों में पाए जाते हैं।

**71.** (B) • अल-बरूनी द्वारा अपने लेखों में भारत के उस समय के तालाबों के बारे में कुछ भी नहीं लिखा है यह कथन सही नहीं है, क्योंकि उसने उस समय के तालाबों के बारे में लिखा, उसने लिखा कि यहाँ के लोग तालाब बनाने में बहुत कुशल थे।

- वह इस बारे में विवरण लिखता था कि झील के चारों ओर चबूतरे बनाए गए थे जिसके लिए विशाल चट्टानों का प्रयोग किया जाता था।
- इसका जन्म आधुनिक उज्बेकिस्तान में स्थित ख्वारिज्म में सन् 973 में हुआ था वह महमूद गजनवी के भारत आक्रमण के दौरान उसके साथ भारत आया था।

**72.** (B) घनत्व किसी पदार्थ के आयतन की प्रति इकाई द्रव्यमान है।

$$\text{घनत्व} = \frac{\text{द्रव्यमान}}{\text{आयतन}}$$

दिया है—

घनत्व = 12 ग्राम/मिली लीटर

आयतन = 3 मिली लीटर

तो द्रव्यमान $\Rightarrow$

$$\text{द्रव्यमान} = \text{घनत्व} \times \text{आयतन} = 12 \times 3 = 36 \text{ ग्राम}$$

**73.** (C) • पोचमपल्ली खूबसूरत डिजाइन की चमकदार रंगों की साड़ियों और विशेष प्रकार की बुनाई जिसे भी पोचमपल्ली ही कहते हैं के लिए विख्यात जिला है यह तेलंगाना का भाग है।

- पोचमपल्ली साड़ी या पोचमपल्ली इकत भारत के तेलंगाना राज्य के यादाद्री भुवनगिरी जिले के भूदान पोचमपल्ली में बनाई गई एक साड़ी है।
- यह गाँव रेशम और कपास दोनों में हाथ से बुने हुए IKAT उत्पादों की उत्कृष्टता के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। वास्तव में, पोचमपल्ली इकत अनूठी शैली भौगोलिक संकेत संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है।
- शब्द "इकात" इंडोनेशियाई मूल का है, और इसे 20 वीं शताब्दी की शुरुआत में यूरोपीय कपड़ा शब्दावली में पेश किया गया था, जब डच विद्वानों ने ईस्ट इंडीज द्वीपसमूह में कपड़ा बनाना शुरू किया था।

**74.** (D) • हरियाणा के सीमांतवर्ती राज्य हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर-प्रदेश हैं।

- हरियाणा उत्तर भारत के प्रांत पंजाब को 1966 में विभाजित करके बनाया गया था भारत की राजधानी दिल्ली के तीन तरफ हरियाणा की सीमायें लगी हुई हैं, जिसके कारण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का एक बड़ा हिस्सा हरियाणा में मिला है।
- हरियाणा प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ है, जो केंद्र शासित प्रदेश होने के साथ पंजाब राज्य की भी राजधानी है यह राज्य सम्पूर्ण भारत के विकास का अग्रदूत माना जाता है।
- 'हरियाणा' का शब्दार्थ है—'परमेश्वर का निवास', 'हरि' (विष्णु) और 'अयन' (घर) से मिलकर हरियाणा शब्द बना है।

**75.** (C) • आवास, यात्रा, चीजें जो हम बनाते हैं और करते हैं प्राथमिक स्तर पर ईवीएस के थीमों को दर्शाता है।

- प्राथमिक स्तर पर ईवीएस शिक्षण में कहानियों और कविताओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है।
- प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) के पाठ्यक्रम में प्रमुख विषय हैं—रिश्तों, काम और खेल, जानवरों, पौधे, खाना, पानी, आश्रय, यात्रा, चीजों जो हम बनाते हैं और करते हैं।
- थीम "परिवार और मित्र" बच्चों को उनके शरीर को उनके "स्वयं" के हिस्से के रूप प्रासंगिक तरीके से देखने में मदद करती है।

**76.** (C) • कथन I गलत एवं II सही है।

- ईवीएस पाठ्यक्रम को 6 थीम में बाँटा गया है पानी, आपसी सम्बन्ध, भोजन, यातायात, चीजें कैसे कार्य करती हैं, गलत है। थीम का मुख्य उद्देश्य है—सीखने के लिए एक प्रासंगिक वातावरण प्रदान करें, पाठों को मनोरंजक बनाएं, भाषाई कौशल को बढ़ावा देना इसलिए ई.वी.एस. की थीम बच्चों के जीवन के बहुत करीब है।
- ईवीएस के पाठ्यक्रम में छह विषय शामिल हैं—1. परिवार और मित्र जिसमें चार उपविषय शामिल हैं— (1.1) रिश्ते, (1.2) काम और खेल, (1.3) जानवर और (1.4) पौधे। अन्य हैं) 2. भोजन 3. जल, 4. आश्रय, 5. यात्रा और 6. चीजें जो हम बनाते और करते हैं।

**77.** (B) • ई. वी. एस. की पाठ्यपुस्तकों को विद्यार्थी स्कूल जीवन को उनके बाहर के जीवन से जोड़ने की एन. सी. एफ. 2005 की सिफारिशों को प्रतिबिम्बित करना चाहिए इसका अर्थ है, पाठ्यपुस्तकें विद्यार्थियों को उनके आस–पास के सभी स्रोतों के माध्यम से ज्ञान का निर्माण करने में सहायता करती हैं।

**78.** (C) • एन.सी.ई.आर.टी. की ई.वी.एस. पाठ्यपुस्तक में एक अध्याय वहीदा प्रिज्म में उन्हें एक डॉक्टर के रूप में नौसेना में उनके अनुभव का वर्णन किया गया है, इस अध्याय को शामिल करने का कारण उनका अनुभव लैंगिक रूढ़ियों को चुनौती देता है, उसकी कहानी सशस्त्र बलों में एक चिकित्सा अधिकारी के जीवन की एक झलक देती है तथा उसके सामने आने वाली कठिनाइयों और उनसे निपटने के तरीकों को समझाना है।

- अध्याय में भारतीय नौसेना के रक्षा अधिकारी वहीदा प्रिज्म खान की कहानी को दर्शाया गया है। उनकी कहानी महिला सशक्तिकरण का एक आदर्श प्रतिनिधित्व है।
- वह भारतीय नौसेना बलों में शामिल होने वाली कश्मीर की पहली महिला थीं इस अध्याय में, वहीदा बच्चों को अपनी कहानी और आज वह जो कुछ भी है उसे हासिल करने के पीछे के संघर्ष के बारे में बताती हैं।

**79.** (*) • व्यापक मूल्यांकन का अर्थ है एक छात्र का मूल्यांकन करने का समग्र तरीका जिस तरीके से एक ई वी एस शिक्षक ई वी एस व्यापक मूल्यांकन के लिए अपने छात्रों का आकलन कर सकता है वह है गतिविधियों के मूल्यांकन के लिए रेटिंग स्केल, अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षा, फोर्ट पोलियो और शिक्षकों का अवलोकन।

(NOTE) —अधिकारिक उत्तर कुँजी में सभी विकल्पों को सही माना है।

**80.** (D) • थीम 'परिवार और मित्र' ई. वी. एस में प्रमुख थीम है और पौधों और जानवरों को परिवार और मित्र' के उप थीम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, क्योंकि थीम के द्वारा मनुष्य और जीवों के अन्य रूपों की अन्योन्याश्रितता पर प्रकाश डाला गया है। इस प्रकार अभिकथन

और कारण दोनों सही हैं और कारण अभिकथन की व्याख्या है।

**81.** (B) • छात्रों से उनके परिवार के सदस्यों की खाने की पसंद का पता लगाने के लिए कहने वाली रणनीति भोजन थीम को पढ़ाते समय पूछताछ को बढ़ावा देती है।
- भोजन में विविधता और बदलाव को ध्यान में रखना चाहिए इससे उचित पोषक तत्व आसानी से मिल जाते हैं भोजन में जल को भी अहम जगह देनी चाहिए।
- भोजन में इन चीजों को शामिल करना चाहिए—अनाज, फलियाँ, सब्जियां, फल, दूध, अंडे, मांस, उत्तम कोटि के प्रोटीन युक्त खाद्य जैसे अंडे, मौसमी फल, चोकर सहित आटे की रोटी, छिलके सहित दाल, रेशेदार भोज्य पदार्थ।
- भोजन में रोज ये चीजें शामिल करनी चाहिए—2 रोटी, एक कटोरी चावल, दाल, सब्जी, सलाद, दही, ग्रीन टी, जूस, फल, नट्स आदि।

**82.** (D) • रंग, पैटर्न के बारे में सीखना और सौंदर्य बोध विकसित करना, इस गतिविधि को बुनकरों द्वारा की जाने वाली बुनाई से संबंधित करना, और आकर्षक रंगों के पेपर चुनना और स्ट्रिप्स को पूरी तरह से काटना सिखाने के उद्देश्य से एलेक्स को अपने छात्रों को ध्यान केन्द्रित करने में मदद करनी चाहिए।
- यह थीम, सभी थीमों से जुड़ी अवधारणाओं को सीखने की प्रक्रिया या तकनीक पर जोर देती है।
- चीजें जो हम बनाते और करते हैं विषय को पढ़ाने के लिए, शिक्षक को क्षेत्र भ्रमण विधि का उपयोग करना चाहिए।
- इससे छात्रों के गहन चिंतन कौशल में सुधार होता है और उन्हें एक नए दृष्टिकोण से किसी विषय पर विचार करने की स्वतंत्रता व अवसर मिलते हैं।

**83.** (C) • चर्चा और सर्वेक्षण बाल—केन्द्रित रण—नीतियों को सबसे अच्छा दर्शाता है बाल केंद्रित रणनीति का मतलब है कि बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए शिक्षण कार्य करना और उनकी सीखने से जुड़ी बाधाओं को दूर करना।
- बाल केंद्रित शिक्षा में बच्चों की रुचियों और क्षमताओं को ध्यान में रखकर शिक्षा दी जाती है बाल केंद्रित शिक्षा का मकसद यह है कि बच्चों के अनुभवों और जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए।
- बाल केंद्रित शिक्षा में, शिक्षक एक ऐसा पाठ्यक्रम तैयार करते हैं जो प्रासंगिक और आकर्षक हो इसके साथ ही, उन्हें उन शिक्षण विधियों का इस्तेमाल करना चाहिए जो बच्चे की व्यक्तिगत सीखने की शैली के अनुरूप हों।

**84.** (A) • प्रत्येक परिवार में सदस्यों की संख्या और पानी की अनुमानित मात्रा की खपत का पता लगाने के लिए छात्र अपने घर और पड़ोस में एक सर्वेक्षण करते हैं। इस गतिविधि के माध्यम से पूछताछ, परिणाम निकलना और अभिव्यक्ति कौशल और अन्य प्रक्रियाएँ विकसित की जा सकती हैं।
- पानी की खपत का पता लगाने के लिए पहले पूछना पड़ेगा और फिर पता चलेगा कि कितने पानी की खपत होती है जो जवाब मिलेंगे वे जो परिणाम होंगे और प्रक्रिया और समाधान बताने को अभिव्यक्ति कहा जायेगा।

**85.** (C) • एक शिक्षक ने अपने छात्रों को जानवरों के बारे में पढ़ाया और उन्हें कहा कि आस—पास के विभिन्न जानवरों के नाम लिखिए विभिन्न जानवरों की गतिविधियों का अवलोकन करो और अवलोकन के आधार पर जानवरों को श्रेणियों में वर्गीकृत करो। इसमें जानवरों को परिभाषित करो सम्मिलित नहीं है। इस प्रक्रिया के माध्यम से एक शिक्षक उसके द्वारा कक्षा में किए गए अधिगम के बारे में प्रतिपुष्टि करना चाहता है।

**86.** (A) • सीमा, एक ई.वी.एस. शिक्षिका ने अपने छात्रों के लिए चिड़ियाघर एक क्षेत्र भ्रमण (फील्ड ट्रिप) का आयोजन किया, प्रश्नगत कथनों में जानवरों से संबंधित अवधारणाओं को जोड़ना, प्रक्रिया कौशल को बढ़ावा देना तथा चिड़ियाघर में छात्रों के सीखने का आकलन करना, चिड़िया घर की यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त उद्देश्य है। चिड़ियाघर के जानवरों के नाम याद करना उद्देश्य नहीं है।

**87.** (D) • कक्षा 5 की ई.वी.एस. शिक्षिका नीना अपने छात्रों को एक समूह असाइनमेंट देती है कि उन्हें पास के कृषि फार्मों का दौरा करना है और कृषि के दौरान किसानों द्वारा उपयोग किये जाने वाले उपकरणों और उनके द्वारा उगाई जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी है उन्हें फोटो भी कलेक्ट कर रिपोर्ट तैयार करनी है, यहाँ प्रश्न करना, अभिव्यक्त करना, परिणाम निकालना प्रक्रिया कौशल और सीखने के संकेतक हैं। किसानों से कृषि उपकरणों और उगाई जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रश्न करने होंगे, प्राप्त उत्तरों और फोटो एकत्रित को अपनी रिपोर्ट में लिखना और समावेशित कर रिपोर्ट बनाना अभिव्यक्ति को दर्शाता है तथा अभिव्यक्त कर रिपोर्ट देना परिणाम निकालने की प्रक्रिया को दर्शाता है। अतः प्रश्न करना, अभिव्यक्ति करना और परिणाम निकालना प्रक्रिया कौशल और सीखने के संकेतकों में शामिल हैं।

**88.** (A) • रवि ने एक गिलास में जल लिया, उसमें उसने एक साबुत नींबू डाल दिया फिर वह उस गिलास में बहुत सारा नमक डालता है, आधा चम्मच एक बार में कुछ समय बाद उसने पाया कि नींबू जल में तैरने लगा। स्मरण रहे कि किसी वस्तु का द्रव में डूबना और तैरना द्रव के घनत्व पर निर्भर करता है, चूंकि गिलास में बहुत सारा नमक डालने पर नींबू की तुलना में गिलास के द्रव का घनत्व बढ़ गया था, इसलिए नींबू तैरने लगा था।

**89.** (A) • एक ईवीएस शिक्षिका अपने छात्रों से सोचने और जवाब देने के लिए कहती है कि हम सर्दियों के दौरान ऊनी कपड़ों मे क्यो सहज महसूस करते है यह प्रश्न विश्लेषणातमक प्रश्न है।
- विश्लेषणात्मक प्रश्न छात्रों की आलोचनात्मक सोच और तार्किक तर्क कौशल का उपयोग करने की क्षमता का विकास करते हैं। ऐसे प्रश्न छात्र को अवलोकन के माध्यम से निष्कर्ष निकालने के लिए तर्क लगाने की क्षमता का परीक्षण करते हैं। छात्र स्वयं की वास्तविक स्थिति के अवलोकन के आधार पर चिंतन कर सर्दी के दौरान ऊनी कपड़ों के पहनने में होने वाली सहजता के कारण का वर्णन कर सकेंगे, जो कि उसकी विश्लेषणात्मक सोच को प्रदर्शित करेगा।

**90.** (B) • छात्र सहपाठी शिक्षण रणनीतियों द्वारा सीखे इसके लिए, भागीदारी और सहयोग के आधार पर विषम समूह बनाएँगे, क्यों कि इससे विषय योग्यताओं वाले छात्र समूहीकृत होंगे और कमजोर

छात्र योग्य छात्रों के सम्पर्क से विभिन्न शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक रणनीतियों को सीख सकेंगे। क्योंकि भागीदारी और सहयोग से अधिगम प्रभावी होता है।

## भाग-IV

## English : Language-I

**91.** (D) रेखांकित शब्द humility का सही antonym है—pride।
humility – विनम्रता, frankness –स्पष्टवादिता, intrigue – साजिश, hitch – रुकावट, बन्धन।

**92.** (C) दिये गये Passage के अनुसार, विकल्प (C) में प्रयुक्त Statement – 'He felt that he would have to forgive Alfred, असत्य है।

**93.** (A) दिये गये Passage के अनुसार, विकल्प (A) में प्रयुक्त He stole cream, compact and lipstick from the store सही है।

**94.** (C) दिये गए Passage के अनुसार, अपनी mother की ओर देखकर Alfred आश्चर्यचकित रह गया। Passage के last paragraph की पहली पंक्ति को देखें।

**95.** (A) रेखांकित उपवाक्य एक Noun Clause है।
- A noun clause is a type of subordinate clause that acts as a noun in a sentence.

**96.** (B) Statement (a) व (c) सही हैं, जबकि Statement (b) गलत है। अतः विकल्प (B) सही है।

**97.** (C) रेखांकित शब्द 'that' एक Conjunction है।
- Conjunction is a word that is used for joining other words, phrases or sentences.

**98.** (A) रेखांकित शब्द wavered का सही synonym है—
hesitated ।
waver –अनिश्चय की स्थिति में होना, हिचकिचाना (विशेषतः कोई निर्णय या विकल्पों में चयन करते समय)।

**99.** (B) Statement (a) और (b) दोनों ही सही हैं। Passage की इन पंक्तियों में I am going to get a cab—
she said का अवलोकन करें।

**100.** (D) दिये गये extract को study करने पर ज्ञात होता है कि सभी men और women अपने-अपने जीवन में विभिन्न भूमिकाएँ (roles) निभाते हैं।

**101.** (A) दी गयी पंक्ति में Metaphor (रूपक अलंकार) है।
- Comparison between two dissimilar things or persons on all points or in all respects, is called *metaphor*.

**102.** (A) प्रस्तुत extract में poet ने प्रेमी के sign की तुलना भट्‌टी (furnace) से की है, क्योंकि वह भावनात्मक रूप से उत्साहित महसूस करता है।

**103.** (A) दिये गए extract की first line में Metaphor (रूपक अलंकार) का प्रयोग किया गया है। Metaphor figure of speech के कुछ examples देखिए—
- He is the *star* of the family.
- Was your hope drunk ?

**104.** (C) दिये गये extract में school boy से कवि (poet) का अभिप्राय एक ऐसे लड़के से है जिसका मन स्कूल जाने को नहीं करता है और उसे हर सुबह सुन्दर दिखायी देती है।
Reluctant to do something का अर्थ है—कोई विशेष कार्य करने का अनिच्छुक।

**105.** (A) कवि के अनुसार एक soldier अपने honour को लेकर काफी sensitive (संवेदनशील) होता है, क्योंकि वह इसके प्रति ईर्ष्यालु है।
Jealous –किसी प्रिय व्यक्ति का किसी अन्य व्यक्ति के प्रति झुकाव के कारण परेशान होना।

**106.** (C) It enhances expression and the rhythm of sentences is not correct because rhymes, songs, and chants help students to put sound together, to make words. It also helps them to practice pitch, volume and voice to create emphasis on language learning.

**107.** (B) A direct approach/method does not encourage learners to use their native language in a language class. Direct method is the result of failure of Grammar Translation Method *vis-a-vis* in making the students have practical command over English. If a language is taught directly where immediate association between experience and expression in words, phrase and meaning is possible, then there are all possibilities for learning the language.
The basic aim of Direct Method is to teach any foreign language through conversation, discussion and reading in the target language by associating the experience and expression without using the students mother tongue.

**108.** (C) A read-aloud of the textbook can be best done in a library is not true about using library at primary level because it provides an environment to engage with books, variety of genres, to develop reading habit among learners.

**109.** (C) Approach that focusses on emphasising the relationship between letter and sound is phonetics instruction. It includes a set of characters to represent the sounds of spoken language and it helps in pronouncing the word correctly.

**110.** (B) The student is working at the writing stage of proof reading. It is the final stage of writing process. which includes evaluation of mechanical correctness such as grammar punctuation, spelling, omitted words, spacing, format etc. It helps in developing correct writing structure.

**111.** (D) A third grade teacher wants to set up a reading corner in her classroom. When deciding to select a children's book, the teacher should first consider whether the authors of these books are well-known and respected authors of children's literature or not. A teacher should always keep in mind that the study material of the children should be suitable to their learning level and they should be able to take good interest in it.

**112.** (A) The communicative approach/method is great for the main goal of learners to use the language in a real life context. The communicative approach is the recent and latest approach of teaching English. This approach lays a great emphasis on the use of language. It enables the students to communicate his ideas in a better way. The socio linguists Dell Hymes propagated this approach. Accroding to him to purpose of teaching language is communicative competence.

**113.** (D) This type of activity enhances oral fluency practice. It helps in successful reading comprehension

and measures efficiency of word retrieval and develops natural ability to speak spontaneously.

**114.** (C) To learn grammar by memorizing its rules is not correct about teaching grammar effectively as it must be taught in context using activities like sentence combining and expansion. Stories, songs, rhymes etc. should also be used to teach grammar.

**115.** (C) A teacher is planning to collect different types of teaching learning materials for the students of his class. It is not the right criteria for choosing TLM that the material chosen should be made only by children and should have some roughness to avoid slipperiness. The right criteria for choosing TLM are as follows :

- The material chosen should provide adequte opportunities for children to explore and experiment with curiosity.
- The material chosen should be preferably locally made or locally available, as this would allow for easy replacement.
- The material chosen should be attractive and safe for children of this age group to use.

**116.** (C) This task develops the skill of peer correction. It fosters each other's sense of belonging, identity formation and development of social-emotional skill among them. It develops supportive. sharing things, show appreciation skill among one another.

**117.** (A) Children in the Foundational Stage are more engaged in learning when they use multiple senses and actively use their hands. From simple toys for play to specific manipulatives for counting and numeracy, a variety of TLM is essential in this Stage Books in general, and children's literature in particular, are mandatory to make early childhood learning environments print rich and promote the excitement of reading. As children grow, use of workbooks and worksheets are also appropriate.

**118.** (B) Concrete principle not to be followed at foundational stage for textbook design because at this level, textbook design follows technical principles, presentation principles which makes textbook attractive for them. And its curriculum principle ensure their overall development.

**119.** (B) To achieve inclusiveness among in school it must displaying children's work from different domains of development because it create equality and boost their confidence. It also helps to develop their creativity and imagination skills.

**120.** (B) To be literate, one must master the decoding and understanding of language. Decoding is a skill that readers use to decode the meaning of words that they do not recognize. It is used to analyse, understand, and interpret the meaning of the text. Language comprehension is the process of comprehending and constructing meaning from texts. It is a process of deep thinking and is dependent upon the readers or listeners' basic cognitive and intellectual skills, upon their background of cultural and intellectual experience, and upon their language skills.

## भाग-IV

## हिंदी : भाषा-I

**91.** (B) विधान + इक = वैधानिक। 'इक' तद्धित प्रत्यय है। तद्धित प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अन्त में जुड़कर शब्दों की रचना करते हैं, जैसे मुख (संज्ञा शब्द) में **इया** प्रत्यय लगाने से 'मुखिया' बनता है, तो **इया** तद्धित प्रत्यय हुआ और मुखिया शब्द हुआ '**तद्धितांत**।

**92.** (D) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, मनुष्य के लिए विचारों और भावों की पवित्रता सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

**93.** (A) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, आन्तरिक स्वच्छता से अभिप्राय है—मन के बुरे भावों को दूर करना।

**94.** (B) लेखक कहता है कि आन्तरिक और ब्राह्य दोनों रूपों में ही स्वच्छता और निर्मलता एक बुनियादी आवश्यकता है।

**95.** (C) 'स्वच्छ' समूह से भिन्न शब्द है क्योंकि यह एक विशेषण है। अन्य सभी शब्द (निर्मलता, सम्मान व स्वच्छता) भाववाचक संज्ञा हैं।

**96.** (C) 'शिक्षा' आंतरिक स्वच्छता से संबंधित नहीं है क्योंकि यह बाह्य स्वच्छता से संबंधित है।

**97.** (B) शब्द 'बुनियादी' में 'ई' प्रत्यय है। 'बुनियादी' का मूल शब्द 'बुनियाद' है।

**98.** (B) विकल्प (B) में प्रयुक्त शब्द-युग्म 'शिक्षा-पर्यावरण' संज्ञा है न कि विशेषण और विशेष्य।

**99.** (A) प्रस्तुत वाक्य का आशय यह है कि भीतरी स्वच्छता पर ही बाहरी स्वच्छता आधारित है।

**100.** (C) यह भाव 'लम्बी चली लड़ाई', में प्रतिबिंबित होता है।

**101.** (B) शब्द 'नीति' में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग किया जा सकता है। नीति + इक = नैतिक। वे शब्दांश, जो यौगिक शब्द बनाते समय बाद में लगते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं।

**102.** (A) प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि देश की स्वतन्त्रता के लिए लाखों लोगों ने अपने जीवन की आहुति दी।

**103.** (B) कवि कहता है कि हमें आजादी वीर शहीदों के बलिदान से मिली है अतः आजादी मिलने का श्रेय वीरों के बलिदान को जाता है।

**104.** (C) स्व + अभिमान = स्वाभिमान। शब्द स्वाभिमान में दीर्घ संधि है।

**105.** (D) प्रस्तुत कविता में 'छल' यह है कि भारत में अंग्रेज व्यापारी बनकर आए थे, फिर फूट डालो राज करो की नीति के तहत उन्होंने देश पर शासन किया।

**106.** (A) बुनियादी चरण की अवस्था वाले बच्चे अधिगम में तब कहीं अधिक संलग्न होते हैं जब वे सभी इंद्रियों का प्रयोग करते हैं, और हाथों का सक्रिय प्रयोग करते हैं बुनियादी चरण करके सीखने पर बल देता है जिससे बच्चों का समग्र विकास हो पाता है तथा वह लंबे समय तक चीजों को याद रख पाते हैं।

**107.** (B) साक्षरता अर्जित करने के लिए भाषा डिकोडिंग और भाषा अवबोधन में निपुणता होनी चाहिए क्योंकि भाषा डिकोड करने का अर्थ लिखित चिह्न को समझना, ध्वनि को पहचानना तथा उसके अर्थ को समझना है और यह सभी तथ्य मिलकर भाषा में निपुणता हासिल करने में सहायता प्रदान करते हैं तथा ध्वन्यात्मक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। साक्षरता अर्जित करने में कुशलता लाने का अर्थ भाषा कौशल में दक्षता प्राप्त करना है। इस दक्षता को प्राप्त करने के लिये भाषा समृद्ध परिवेश की आवश्यकता है।

**108.** (B) प्रत्यक्ष विधि बच्चों को भाषा की कक्षा में उनकी सहजता भाषा प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती क्योंकि यह विधि लक्ष्य भाषा को सिखाने पर जोर देती है। इसे प्राकृतिक विधि भी कहा जाता है। इसे व्याकरण-अनुवाद पद्धति की प्रतिक्रिया के रूप में विकसित किया गया था और इसे सीखने वाले को सबसे स्वाभाविक तरीके से लक्ष्य भाषा के क्षेत्र में ले जाने के लिए डिजाइन किय गया है। प्रत्यक्ष विधि का मूल उद्देश्य छात्रों की मातृभाषा का उपयोग किये बिना अनुभव और अभिव्यक्ति को जोड़कर लक्ष्य भाषा में बातचीत-चर्चा और पढ़ने के माध्यम से किसी भी विदेशी भाषा को पढ़ाना है।

**109.** (C) ध्वनि विज्ञान निर्देश उपागम अक्षरों और ध्वनि के बीच संबंध पर बल देता है। ध्वन्यात्मक विज्ञान मानव वाणी द्वारा बोली जाने वाली ध्वनियों का अध्ययन है। ध्वनि विज्ञान के अन्तर्गत मुख्य रूप से ध्वनियों के विश्लेषण, वर्णन तथा उनके वर्गीकरण का अध्ययन किया जाता है।

**110.** (A) सम्प्रेषणात्मक उपागम शिक्षार्थी की जीवन की वास्तविक परिस्थितियों में भाषा प्रयोग के मुख्य लक्ष्य से संबंधित है। यह उपागम छात्रों की व्यक्तिगत जरूरत और हितों को प्राथमिकता देता है इसलिए छात्रों में यह पसंदीदा उपागम माना जाता है। यह उपागम भाषा बोलने का अभ्यास करवाता है और भाषा सीखने की क्षमताओं में सहायता प्रदान करता है। यह छात्रों को अपने विचारों को बेहतर तरीके से संप्रेषित करने में सक्षम बनाता है।

**111.** (B) मूर्त सिद्धांत बुनियादी चरण पर पाठ्य पुस्तक अभिकल्पना का सिद्धांत नहीं है क्योंकि बुनियादी चरण पाठ्य पुस्तक के प्रस्तुतीकरण, तकनीकी सिद्धांत एवं पाठ्यचर्या सिद्धांत पर आधारित होता है जो पाठ्य पुस्तक को बुनियादी स्तर पर छात्रों के लिए आकर्षक बनाता है तथा पाठ्यचर्या के अनुसार उन्हें आसानी से भाषा सीखने में सहायता प्रदान करता है।

**112.** (C) व्याकरण को उसके नियम कंठस्थ करके (रटकर) सीखना, व्याकरण शिक्षण को प्रभावशाली तरीके से पढ़ाने के बारे में सही नहीं है। व्याकरण किसी भाषा के बोलने और लिखने के नियमों की व्यवस्थित पद्धति है। व्याकरण भाषा को व्यवस्थित करने का कार्य करती है। व्याकरण शिक्षण को प्रभावशाली तरीके से पढ़ाने के बारे में निम्न कथन सही हैं—

(1) व्याकरण के प्रासंगिक नियम प्रस्तुत करना।
(2) सम्प्रेषण के अभ्यास के अवसर देना।
(3) वास्तविक सम्प्रेषण के रूप में प्रस्तुत करके।
(4) भाषा का पूर्ण तथा शुद्ध ज्ञान प्रदान करके।
(5) मनोभावों एवं विचारों की शुद्ध अभिव्यक्ति करके।

**113.** (C) बच्चों द्वारा शिशु गीत, गीत, अलापना अभिव्यक्ति का संवर्धन और वाक्य की लय के संदर्भ में सही नहीं है, क्योंकि शिशु द्वारा गीत अलापना शब्द और वाक्य के संरचना को समझने में सहायता प्रदान करता है तथा छात्रों को उच्चारण अभ्यास प्रदान करता है। यह शब्दावली को समृद्ध करने पर भी जोर देता है जो छात्रों के भाषा विकास में उन्हें सहायता प्रदान करता है।

**114.** (B) उक्त प्रश्न में विद्यार्थी लेखन के प्रूफ रीडिंग चरण पर है। यह चरण संशोधन में सहायता करता है तथा लेखन में सुधार लाता है। यह लेखन सामग्री का सही ढाँचा प्रस्तुत करने में सहायता प्रदान करता है तथा लेखन में उपयोग की जाने वाली इंद्रियों को मजबूत करता है।

**115.** (D) उक्त प्रश्न में गतिविधि का यह प्रकार मौखिक प्रवाह अभ्यास को दर्शाता है। यह अभ्यास पढ़ने में प्रवाह, उसकी समझ और प्रवाह में सुधार के सुझावों पर केंद्रित है। यह पाठ को धाराप्रवाह पढ़ने में सहायता प्रदान करता है तथा अर्थ को समझने पर जोर देता है।

**116.** (C) पुस्तकालय में पाठ्यपुस्तकों का सस्वर पठन सर्वाधिक उपयुक्त रूप से होना, प्राथमिक स्तर पर पुस्तकालय में प्रयोग के बारे में सही नहीं है, क्योंकि प्राथमिक स्तर पर पुस्तकालय छात्रों को विविध प्रकार की विधाओं को देखने में सहायता करता है और छात्रों को सक्रिय परिवेश प्रदान करता है, जिससे उनमें पठन रुचि विकसित होती है और वह धाराप्रवाह पाठ को पढ़ने में सक्षम बनते हैं। पुस्तकालय में मौन वाचन को प्राथमिकता दी जाती है।

**117.** (D) क्या इन पुस्तकों के लेखक जाने-माने हैं? क्या वह बाल साहित्य के मानवीय लेखक हैं?, बच्चों के लिए पुस्तकों का चयन करते समय यह प्रश्न सबसे आवश्यक माना गया है क्योंकि जीन पियाजे के अनुसार बच्चे और बड़े एक-दूसरे से अलग सोचते हैं तथा उनके बौद्धिक विकास, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक विकास में गहरा संबंध होता है और लेखक को बाल साहित्य की रचना करते समय इन सभी बातों का ध्यान रखना चाहिए जिससे बच्चे पाठ्यपुस्तक को पढ़ने में रुचि लें। यदि पाठ्यपुस्तक बाल साहित्य पर आधारित नहीं होंगी तो बालकों की पठन में रुचि जाग्रत नहीं होगी।

**118.** (C) चयनित सामग्री सिर्फ बच्चों द्वारा बनाई गई होनी चाहिए यह कथन गलत है क्योंकि टीएलएम विषय, छात्रों की संख्या, विषय का प्रकार, उसकी उपलब्धता पर निर्धारित होते हैं। यह छात्रों को पाठ की समग्र शिक्षा देने में उपयोगी होते हैं तथा उस ज्ञान को स्थाई करने में सहायता करते हैं।
इस सन्दर्भ में टी एल एम के लिये निम्न मापदंड का चयन करना उचित है—

- चयनित सामग्री ऐसी हो जो बच्चों को जिज्ञासा के साथ खोजबीन और प्रयोग करने में पर्याप्त अवसर दे।
- चयनित सामग्री अधिमानतः स्थानीय रूप से निर्मित या स्थानीय रूप से उपलब्ध हो जिसे आसानी से बदला जा सके।
- चयनित सामग्री इस आयु समूह के बच्चों के प्रयोग के लिये आकर्षक और सुरक्षित होनी चाहिये।

**119.** (C) उक्त प्रश्न के इस कार्य का मुख्य उद्देश्य सहपाठी के काम के लिये जांच कौशल को विकसित करना है, क्योंकि ऐसा करने से छात्र एक-दूसरे द्वारा किये गये कार्य की भलीभाँति समीक्षा कर सकते हैं। शिक्षक के बजाय सहपाठी के प्रेक्षणों और सुझावों को स्वीकार करना एक छात्र के लिये अधिक आसान होता है।

**120.** (B) विकास के विभिन्न आयामों से बच्चों के कार्य का प्रदर्शन करके उनके परिवेश को उपयुक्त तरीके से सृजित किया जा सकता है।

## भाग-V

## English : Language-II

**121.** (A) रेखांकित शब्द not एक Adverb है। यह auxiliary verb और modals के साथ negative sentence बनाने में प्रस्तुत होता है।

**122.** (A) Statement (a) के सिवाय अन्य Statements गलत हैं। Scarecrow ने Dorothy's की basket nuts इत्यादि से भर दी ताकि वह लंबे समय तक भूखी न रहे और Dorothy इसके लिए एहसानमंद है।

**123.** (A) विकल्प (A) में प्रयुक्त Statement सही है—He knows that the nuts are good for Dorothy.

**124.** (D) विकल्प (D) में प्रयुक्त Statement के सिवाय सभी Statement सही है।

**125.** (B) रेखांकित शब्द snug का सही Synonym है—cosy

snug – हल्का गरम और आरामदेह, sordid – अप्रिय, कुत्सित, चक्कर से आक्रान्त।

**126.** (B) प्रस्तुत Passage के आधार पर कहा जा सकता है कि Statement (a) और (b) सही हैं।

**127.** (A) रेखांकित शब्द—समूह what it was एक Noun clause है।

- A Noun clause is a group of words which does the work of a noun.

**128.** (C) Options (A) and (D) सही हैं।

**129.** (C) रेखांकित शब्द-समूह as I left the house एक Adverb clause है।

- An adverb clause is a clause that works as an adverb in a sentence.

**130.** (C) रेखांकित शब्द exultant (प्रसन्न, हर्षित, उल्लसित) एक Adjective है, जो laugh (Noun) की विशेषता बता रहा है।

**131.** (D) रेखांकित शब्द belligerent का Synonym है– hostile.

Belligerent – शत्रुतापूर्ण, आक्रामक और लड़ाका।

Noisy – नादकार, कोलाहल युक्त

Musical – संगीतमय, सुरीला, सुस्वर

Different – अलग, पृथक, नया।

**132.** (A) दिए गए Passage के आधार पर कहा जा सकता है कि Statement (a) के सिवाय अन्य सभी Statements सही हैं।

**133.** (B) दिए गए Passage के अनुसार एक birder के ears (कान) तेज (sharp) होने चाहिए ताकि वह पक्षियों की चहचहाहट से उनका आसानी से पता लगा सके।

**134.** (D) दिए गए Passage के आधार पर कहा जा सकता है कि Statement (a) सही है जबकि (b) गलत है।

**135.** (A) दिए गए Passage के अनुसार, birder (पक्षी पालक) वह व्यक्ति होता है जो पक्षियों को ध्यानपूर्वक सावधानी से देखता है।

**136.** (C) Learners are memorising grammar rules and vocabulary and a large amount of work is done in their mother tongue. The teacher is using a grammar translation method in his language class. Grammar Translation Method is the oldest method where teachers translate every word, phrase and sentence of English into their mother tongue for easy comprehension by the students. The Grammar Translation Method emphasises the learning of grammar, which is taught deductively, that is, by presentation and study of grammar rules.

**137.** (C) Children's cognitive development and language are closely related to the culture and community in which children live. Vygotsky argued that the children's cognitive development and language is closely related to the culture and the communities in which children live. According to him, 'community' also plays a central role in the process of making meaning and learning is a necessary and universal aspect of the process of developing culturally organised, specifically human psychological function. In other words, higher mental processes in the individual have their origin in social processes. He places more emphasis on the role of language in cognitive development.

**138.** (D) Whole language approach is meaning based. Whole language is an approach that views reading and language acquisition as holistic processes. The whole language approach is based on constructivism which allows learners to foster their own strategy of learning to perform a task.

**139.** (D) The teacher is using the Audio-lingual method. This is a method of foreign language. Teaching which emphasizes the teaching of listening and speaking before reading and writing.

**140.** (A) One of the best way to learn a second language is by constant contact with native speakers in their own society as is the best way to learn any language as it is immersed in the culture and learn simultaneously in the natural learning environment and it is same as acquisition of Ist language by a learner.

**141.** (D) I agree with this statement because language acquisition is an innate ability of an individual that helps them to learn language reapidly, This is proposed by Noam Chomsky. He also believed that every child has a language acquisition device.

**142.** (A) This exposure will put the children at an advantage because it not only enriches a person's linguistic repertoire but it also makes the person more versatile in communicative and interactional terms, more open-minded, and more receptive to varied cultural conventions, customs and usages.

**143.** (B) To overcome this challenge provide easily accessible children's literature to motivate and generate interest in reading as it facilitates language development and reading skill among them it also improved reading habit of an individual with deeper connection, the content they read.

**144.** (A) It is called intensive reading. As it involves learners reading in detail with specific learning aims and tasks and it is used on shouter text in order to extract specific information.

**145.** (B) A good speaking activity is the one during which learners talk more. As it involves active participation of a learner in an activity. It also helps students to process their learning through intergration of information.

**146.** (A) The purpose of this activity is to give them practice to reading for the gist. This reading method is known as skimming whose purpose is to find the gist or the main idea of that natural. In this text can provide reader with lots of clues that help them to quickly establish what it is about.

**147.** (B) Print books and audio books engage the tactile abilities of young children should be a part of classroom because it makes books more accessible to diverse learner. These books can increase vocabulary and can be used to practice listening skills in student and this will also provide enrich environment to the students which in turn develop their overall abilities.

**148.** (D) This type of speaking activity is for enhancing oral fluency practice, As it expose learning to a wide variety of words which go a long way to improve their vocabulary and it is a natural resource that is valuable for study of language and its development.

**149.** (C) To assess reading skills at primary level a language teacher should focus on reading with understanding. It focusses on reading ability of student which shows how much they understand about the text or they are able to get the idea of text or not.

**150.** (A) Assessment tools and processes at the foundation stage should be designed in a way that they become a natural extension of the child's learning experience. Teachers must ensure that assessments enable recording and documentation of children's progress.

## भाग-V

## हिंदी : भाषा-II

**121.** (B) प्रस्तुत गद्यांश में जल संकट की बात कही गई है क्योंकि 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट भारत में आने वाला है।

**122.** (B) लेखक कहता है कि गंगा के किनारों पर बसे महानगरों/कस्बों और गाँवों के करीब चालीस (40) करोड़ की आबादी है।

**123.** (A) प्रस्तुत गद्यांश में कहा गया है कि वर्ष 2050 तक पानी का सबसे बड़ा संकट भारत में आने वाला है क्योंकि गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, और सिन्धु जैसी नदियों का जलस्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है।

**124.** (B) मौसम विज्ञानियों के अनुसार अल नीनो का प्रभाव मानसून पर पड़ता है।

**125.** (A) रेखांकित पद पौने दो किलोमीटर परिमाण–वाचक विशेषण है।

**126.** (A) पर्यावरण वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने के कारण भारत की नदियों का जल कम होता जा रहा है।

**127.** (B) वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित पद धीरे-धीरे रीतिवाचक क्रिया विशेषण है। ये क्रिया की स्थिति, रीति, तरीके तथा शैली को प्रकट करते हैं; जैसे—ऐसे, अचानक, अच्छी तरह, जरूर, सचमुच, वास्तव में, शायद आदि।

**128.** (B) परि + आवरण = पर्यावरण, जिसका आशय है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से आवृत किए हुए है।

**129.** (A) 'स्वतन्त्र' का विलोम शब्द है—परतन्त्र। स्वतंत्र के पर्यायवाची हैं—विमुक्त, रिहा, बरी, आजादी आदि।
परतन्त्र के पर्यायवाची हैं—पराधीन, गुलाम, अधीन आदि।

**130.** (B) रिक्त स्थानों में 'लोहे' व स्वर्ण का प्रयोग होगा क्योंकि पाप और पुण्य की तुलना लोहे वह स्वर्ण की जंजीरों से की गई है।

**131.** (D) समूह से भिन्न शब्द है—फल।
स्वतन्त्र, अस्थायी और प्यारा ये तीनों विशेषण हैं जबकि 'फल' संज्ञा शब्द है।

**132.** (D) लेखक कहता है कि पुण्य में उसके फल को स्वीकार नहीं भी कर सकते हैं अर्थात् अस्वीकार करने के लिए स्वतन्त्र हैं।

**133.** (B) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, इस संसार में सब कुछ अस्थायी है।

**134.** (A) जब इस संसार में कुछ भी स्थायी नहीं है तो पाप और पुण्य भी स्थायी नहीं है।

**135.** (C) गद्यांश के अनुसार पाप और पुण्य दोनों में बंधन हैं क्योंकि पाप लोहे की जंजीर है और पुण्य सोने की।

**136.** (A) अपने समाज में सहजात वाचकों (मूलभाषा बोलने वालों) के सतत् सम्पर्क के माध्यम से एक व्यक्ति द्वितीय भाषा को सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से सीख सकता है क्योंकि मातृभाषा/ प्रथम भाषा को आधार बना कर ही द्वितीय भाषा को सीखा जा सकता है।

**137.** (A) "भाषा अधिगम एक गहन प्रक्रिया है जो जन्म के समय से शुरू होती है और जीवन पर्यन्त चलती है।" यह कथन उचित नहीं है क्योंकि भाषा अधिगम एक चेतन प्रक्रिया है जो नियमबद्ध होती है तथा इसे व्याकरणीय नियमों के साथ सिखाया जाता है। भाषा अधिगम के लिये बच्चे की अर्जित भाषा का सहारा लिया जाता है।
जबकि भाषा अर्जन एक सहज अवचेतन व स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसे स्वाभाविक क्षमता द्वारा अर्जित किया जाता है। भाषा अर्जन के समय बालक व्याकरणीय नियमों से पूर्णतः अनभिज्ञ रहता है। भाषाविद् चौमस्की ने भी भाषा अर्जन को जन्मजात प्रक्रिया माना है।

**138.** (A) दो भाषाओं को सुनने का ये अवसर बच्चों को लाभ पहुचाँता है, क्योंकि इसके द्वारा बच्चे दो भाषाओं का ज्ञान अर्जित कर पाते हैं जो उन्हें बहुभाषी बनाता है तथा अन्य परिस्थितियों के लिए तैयार करता है जिससे वह बेहतर प्रदर्शन दे पाते हैं।

**139.** (C) भाषा अध्यापक द्वारा अपनी कक्षा में व्याकरण अनुवाद विधि का उपयोग करना चाहिए। इसे अंग्रेजी पढ़ने की एक शास्त्रीय पद्धति माना जाता है जो लक्ष्य भाषा को अनुवाद के माध्यम से सीखने पर जोर देती है। इसमें वाक्य को मातृभाषा में अनुवाद करके पढ़ाया जाता है। यह विधि छात्रों को व्याकरण सिखाती है और याद रखने के लिए सीधे अनुवाद के साथ शब्दावली प्रदान करती है। यह पठन तथा लेखन कौशल पर मुख्यतया जोर देती है।

**140.** (C) बच्चों का संज्ञानात्मक विकास और भाषा उस संस्कृति और समुदायों से घनिष्ठ रूप से संबंधित है, जिस परिवेश में बच्चे रहते हैं। वायगोत्स्की ने इस बात पर जोर दिया कि भाषा का अधिग्रहण संज्ञानात्मक विकास में प्रमुख गतिविधि है तथा भाषा कौशल एक बच्चे को अपने वातावरण में दूसरों के साथ संवाद करने में सक्षम बनाता है।

**141.** (D) समग्र भाषा उपागम अर्थ आधारित उपागम है यह भाषा के घटक/भागों की बजाय पूर्ण शब्दों को सीखने पर बल देती है। इसे भाषा के सभी पहलुओं को सिखाने के लिए प्रमाणिक पाठों और पठन सामग्री के उपयोग के माध्यम से सिखाया जाता है जो तेजी से अर्थ निर्माण पर जोर देती है। समग्र भाषा दृष्टिकोण भाषा सीखने-सिखाने का एक दर्शन है।

**142.** (D) उक्त गतिविधि में अध्यापक द्वारा श्रव्य भाषिक विधि का उपयोग किया जा रहा है। इस विधि में कुछ व्यावहारिक तकनीकों जैसे पैटर्न प्रैक्टिस, लैंग्वेज लैबोरेट्री का इस्तेमाल किया जाता है। इस पद्धति में शिक्षक, सामग्री को लिखित रूप से प्रस्तुत करने से पहले मौखिक रूप से पढ़ाना प्रारम्भ करता है। यह कक्षा में मातृभाषा के प्रयोग को हतोत्साहित करती है।

**143.** (D) पाठ के आरंभ में एक अध्यापक ने अपनी कक्षा के शिक्षार्थियों को समूहों में बांटा और कहा कि अभी हाल में पढ़े गए समाचार पत्र के रुचिकर आलेख के बारे में बात करें। बोलने (वाचन) की यह गतिविधि मौखिक प्रवाह अभ्यास के लिये है। मौखिक प्रवाह अभ्यास, विचारों एवं भावों की अभिव्यक्ति का सरल एवं सशक्त साधन है। इससे विचारों एवं भावों की अभिव्यक्ति में कुशलता आती है तथा ज्ञान में वृद्धि होती है।

**144.** (A) गहन पठन (इंटैंसिव) में शिक्षार्थियों से अपेक्षा रहती है कि वे विषयवस्तु को विस्तार से ध्यानपूर्वक और सावधानीपूर्वक पढ़ें। गहन पठन में शिक्षार्थी पाठ्य वस्तु में भाषा पर अधिक ध्यान देता है अर्थात् पठन में शिक्षार्थी का नये शब्द, व्याकरण एवं लेखन के भाव एवं अभिव्यक्ति पर ध्यान अधिक केन्द्रित रहता है। इसका मुख्य उद्देश्य केवल पठन कौशल का विकास न करके भाषा ज्ञान में प्रवीणता दिलाना है।

**145.** (A) एक अध्यापक ने कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को शीघ्रता से एक कहानी पढ़ने और उसके बाद चित्रों को क्रम में लगाने के लिये कहा। इस गतिविधि का उद्देश्य सारांशीकरण के लिये पठन का अभ्यास करवाना है। यह आनंदानुभूति के लिये किये जाने वाले पठन से संबंधित है। यह विषय वस्तु के सार को समझने में मदद करता है। इसके द्वारा पाठक पाठयवस्तु की रूपरेखा तैयार करता है। इसके द्वारा पाठ्यवस्तु के जटिल वर्णन को ज्ञानात्मक मानचित्र के अन्तर्गत स्थान दिया जाता है।

**146.** (B) एक अच्छी वाचन (बोलना) गतिविधि वह है जिसमें शिक्षार्थी अधिक बातचीत करते हैं। अच्छी वाचन गतिविधि शिक्षार्थी की अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करती है, भाव को भलीभाँति समझने की क्षमता उत्पन्न करती है तथा शुद्ध उच्चारण के अभ्यास में भी मदद करती है।

**147.** (B) कक्षा में छोटे बच्चों के लिये मुद्रित पुस्तकों के साथ-साथ श्रव्य पुस्तकें और छोटे बच्चों की स्पर्शग्राही योग्यताओं का इस्तेमाल करने वाली पुस्तकें होनी चाहिये क्योंकि विविधता वाले विद्यार्थियों तक यह पुस्तकें अधिगम को अधिक सुलभ बनाती हैं। इस प्रकार की अध्ययन सामग्री अधिगम में रुचि उत्पन्न करती है तथा भाषायी योग्यताओं का विस्तार करती है। इससे ज्ञान में वृद्धि होती है। इस प्रकार की अध्ययन सामग्री को विद्यार्थी अपनी क्षमता व योग्यता के अनुसार प्रयोग करने में स्वतन्त्र होता है। यह विद्यार्थियों को पढ़ने के लिये प्रेरित करती हैं।

**148.** (C) प्राथमिक स्तर पर भाषा कौशल का आकलन करने के लिये भाषा अध्यापक को मुख्यतः समझ के साथ पठन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये, ताकि भाषा प्रयोग की क्षमता का उचित ढंग से आकलन कर भाषा संबंधी समस्याओं को उपचारात्मक शिक्षण द्वारा दूर किया जा सके। इससे बच्चे विभिन्न सन्दर्भों में भाषा प्रयोग में सफल हो सकेंगे तथा अपने मनोभावों को किसी के सामने आसानी से प्रस्तुत कर सकेंगे।

**149.** (A) बुनियादी चरण में आकलन के उपकरण और प्रक्रियाओं की अभिकल्पना इस प्रकार होनी चाहिए कि बच्चे के अधिगम अनुभव का सहज विस्तार हो सके।
बुनियादी चरण में आकलन बच्चे की प्रगति की जाँच करता है। इसके अन्तर्गत यह ज्ञात करने का प्रयास किया जाता है कि बच्चे ने कितना और किस स्तर तक ज्ञान प्राप्त किया है। प्रगति की जाँच के उपरान्त उपचारात्मक शिक्षण द्वारा इसका निदान किया जाता है तथा अधिगम को विस्तार करने का प्रयास किया जाता है।

**150.** (B) उक्त प्रश्न में इस चुनौती को दूर करने के लिए बाल साहित्य की सरलता से उपलब्धता होनी आवश्यक है जिससे पठन के लिए प्रोत्साहन और रुचि पैदा हो। बाल साहित्य बच्चों में पठन संस्कृति का विकास करते हैं, भाषिक एवं संज्ञानात्मक कौशल का विकास करते हैं तथा उत्साही पाठक बनने के लिये उन्हें प्रोत्साहित करते हैं।

❑❑